डाक पंजीयन क्र./छ.ग./रायपुर संभाग/14/2024-2026

आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या CHHHIN/2002/09534

# रोजगार और नियोजन

वर्ष-22, अंक-45, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित

28 मई 2025 बुधवार, पृष्ठ संख्या 24, नि:शुल्क

## विकसित छत्तीसगढ़ के अमृत स्टेशन

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। राज्य के 05 स्टेशन शामिल हैं, जिसमें बिलासपुर मंडल के अम्बिकापुर स्टेशन, रायपुर मंडल के उरकुरा भिलाई एवं भानुप्रतापपुर स्टेशन तथा नागपुर मंडल के डोंगरगढ़ स्टेशन शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए।

### अम्बिकापुर स्टेशन

अंबिकापुर रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना के तहत 6.29 करोड़ में पुनर्विकसित हुए ।

### भिलाई स्टेशन

भिलाई रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना के तहत 8.72 करोड़ में पुनर्विकसित हुए ।

### भानुप्रतापपुर स्टेशन

भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना के तहत 8.28 करोड़ में पुनर्विकसित हुए।

### डोंगरगढ़ स्टेशन

डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना के तहत 12 करोड़ में पुनर्विकसित हुए।

### उरकुरा स्टेशन

उरकुरा रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना के तहत 9.40 करोड़ में पुनर्विकसित हुए।

**लाभ**

- सिटी सेंटर के रूप में विकास- रुफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, विश्राम कक्ष, विशाल परिसंचारी क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं।
- विरासत भी विकास भी - स्थानीय वास्तुकला से प्रेरित स्टेशन भवन।
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं।
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से ये स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र।
- स्टेशनों के डिज़ाइन में ऊर्जा दक्षता और हरित उपायों को प्राथमिकता, जिससे न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव।

## सुशासन तिहार में अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिलों को मिलेगा पुरस्कार

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के अंतर्गत अम्बिकापुर में सरगुजा, बलरामपुर-रामानुजगंज और जशपुर जिलों में योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनहितकारी शासकीय योजनाओं को बेहतर तरीके से अमलीजामा पहनाने वाले जिलों को पुरस्कृत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जिलों के कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों और अन्य अधिकारियों से कहा कि वे जनता के सेवक हैं, उनकी जिम्मेदारी है कि समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित करें।

## शिक्षा संसाधनों के संतुलन से नयी रोशनी की ओर बढ़ता प्रदेश

छत्तीसगढ़ में शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण, स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में बड़ा कदम

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावशाली, संतुलित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए शिक्षकों और विद्यालयों के युक्तियुक्तकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों का न्यायोचित, संतुलित और अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना है।

### कुल आवश्यकता बनाम उपलब्धता

| स्तर | आवश्यक शिक्षक | उपलब्ध अतिशेष | शिक्षक घाटा |
|---|---|---|---|
| प्राथमिक | 7,296 | 3,608 | 3,688 |
| पूर्व माध्यमिक | 5,536 | 1,762 | 3,774 |
| कुल | 12,832 | 5,370 | 7,462 |

### क्या है युक्तियुक्तकरण

युक्तियुक्तकरण का अर्थ किसी भी विद्यालय को बंद करना नहीं है। बल्कि, यह प्रक्रिया प्रशासनिक समायोजन की है, जिसमें एक ही परिसर में संचालित विद्यालयों को एकीकृत कर एक क्लस्टर विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा।

### असंतुलन का शिक्षा गुणवत्ता पर प्रभाव

शिक्षकों की संख्या पर्याप्त होने के बावजूद उनका वितरण असमान है। कुछ विद्यालयों में जहां शिक्षक नहीं हैं, वहीं अन्य विद्यालयों में आवश्यकता से अधिक पदस्थ हैं। लगभग 1,500 प्राथमिक शालाएं ऐसी हैं जहां 5 या उससे अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। इसी प्रकार 3,465 पूर्व माध्यमिक शालाओं में 5 शिक्षक तथा 1, 700 पूर्व माध्यमिक शालाओं में 5 से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। यह असंतुलन शिक्षा की गुणवत्ता में बाधक है, जिसे युक्तियुक्तकरण द्वारा सुधारा जा सकता है।

### युक्तियुक्तकरण के लाभ

- शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती संभव होगी।
- छात्रों के ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी।
- लगभग 89 प्रतिशत बच्चों को अलग-अलग स्तरों पर बार-बार प्रवेश नहीं लेना पड़ेगा।
- बच्चों की पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी।
- शैक्षणिक गुणवत्ता और निगरानी में सुधार होगा।
- मजबूत अधोसंरचना उपलब्ध कराना सरल होगा।

**सुशासन तिहार**

जनसेवा भावना से प्रेरित अभियान का सशक्त प्रभाव, समाधान शिविरों से गांवों तक पहुंचा शासन, घोषणाओं से विकास को नई दिशा

## मुख्यमंत्री के सुशासन में हो रहा संवाद और समाधान

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की नेतृत्व में प्रदेशभर में चल रहे सुशासन तिहार अभियान के तीसरे चरण में समाधान शिविरों के माध्यम से शासन-प्रशासन न केवल गांवों की चौपालों तक पहुंचा, बल्कि जमीनी समस्याओं के त्वरित समाधान और ठोस घोषणाओं से जनविश्वास को भी मजबूती मिली। बीते कुछ दिनों में मुख्यमंत्री ने सीतागांव, झुरानदी, चुकतीपानी, आमागोहन, बिजराकछार, अछोटी और मुरमुंदा जैसे ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों का दौरा कर सीधे संवाद किया और लाखों की योजनाएं घोषित कीं।

### झुरानदी में बरगद की छांव में लगी चौपाल

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के झुरानदी गांव में मुख्यमंत्री श्री साय अचानक हेलीकॉप्टर से पहुंचे और गांव की चौपाल में ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने गांव में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल, दो उच्च स्तरीय पुल और सीसी सड़क निर्माण सहित 5 करोड़ रुपए की योजनाओं की घोषणा की।



### गभरा गांव में 220 करोड़ की सिंचाई सौगात

गभरा गांव में 220 करोड़ की लागत से बन रही सिद्धबाबा जलाशय परियोजना का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना 34 गांवों के किसानों को सिंचाई सुविधा देगी और रोजगार, मछली उत्पादन, भूजल स्तर में वृद्धि होगी।

शेष पेज 03 पर...

### रोजगार और नियोजन का एप लॉन्च

https://dprcg.gov.in/

छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप राज्य के प्रतिष्ठित समाचार पत्र रोजगार और नियोजन अब डीपीआर की वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध होने के साथ अब एप पर भी उपलब्ध है।

जिसे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

## रिक्रूटमेंट नोटिस

**आर्मर्ड व्हीकल्स निगम**
पदः उप-प्रबंधक, प्रबंधक व अन्य
पद संख्याः 18
अंतिम तिथिः 30 मई
Avnl.co.in

**इसरो**
पदः वैज्ञानिक इंजीनियर
पद संख्याः 31
अंतिम तिथिः 30 मई
lsro.gov.in

**सीआईएसएफ**
पदः हेड कांस्टेबल
पद संख्याः 30
अंतिम तिथिः 30 मई
https://cisfrec tt.cisf.gov.in/

**NTPC**
पदः असिस्टेंट केमिस्ट ट्रेनी
पद संख्याः 30
अंतिम तिथिः 31 मई
careers.ntpc.co.in

**एचसीएल**
पदः अप्रेंटिस
पद संख्याः 209
अंतिम तिथिः 2 जून
www.apprenti ceshipindia.gov.in

**सीआईएसएफ**
पदः हेड कांस्टेबल
पद संख्याः 403
अंतिम तिथिः 6 जून
cisfrectt.cisf.gov.in

**BSSC**
पदः लेबोरेटरी असिस्टेंट
पद संख्याः 143
अंतिम तिथिः 14 जून
onlinebssc.com

वर्ष-22, अंक-45, रायपुर
रोजगार और नियोजन

प्रधान संपादक : डॉ. रवि मित्तल
संपादक : जवाहर लाल दरियो
सहायक संपादक : गीतांजलि नेताम
संपादकीय : संदीप सिन्हा
ग्राफिक डिजाइनर : धनेश कुमार दिवाकर
डाटा एंट्री आपरेटर : अंजुरानी, राकेश साहू
वितरण व्यवस्था : विक्रांत

- कार्यालय पता -
छत्तीसगढ़ संवाद
(छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग का उपक्रम)
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर 19,
अटल नगर, नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)
फोन-0771-2512582, 2512583
ईमेल पता
rojgaraurniyojan@gmail.com

रोजगार और नियोजन निःशुल्क है।

रोजगार और नियोजन में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। रोजगार और नियोजन में प्रकाशित होने वाले लेखों के लिए लेखकों को नियमानुसार मानदेय प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र रायपुर रहेगा।

### पिक ऑफ द वीक

मुख्यमंत्री ने नक्सल मुठभेड़ में शहीद जवान श्री सोलंकी मेहुल भाई नंदलाल को दी श्रद्धांजलि

# 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' किसानों को जोड़ेगा वैज्ञानिक खेती से

छत्तीसगढ़ में खरीफ 2025 की तैयारी हेतु विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से शुरू

खरीफ 2025 की तैयारी को मजबूत बनाने के लिए छत्तीसगढ़ में 29 मई से 12 जून 2025 तक 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' आयोजित किया जाएगा। यह अभियान भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य किसानों को आधुनिक और वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ना तथा खेती को और अधिक लाभकारी बनाना है।

**संयुक्त टीमें करेंगी किसानों से संवाद**
राज्य सरकार ने कृषि, बागवानी, पशुपालन और मत्स्यपालन विभागों की संयुक्त टीमें गठित की हैं, जो प्रतिदिन 2 से 3 चिन्हित ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों के साथ वैज्ञानिक परिचर्चा आयोजित करेंगी। इसमें किसानों को खरीफ फसलों की बेहतर उपज के लिए जरूरी तकनीकी जानकारी दी जाएगी।

**तकनीकों और योजनाओं की जानकारी**
परिचर्चा के दौरान किसानों को धान की सीधी बुवाई, ड्रोन तकनीक, प्राकृतिक और जैविक खेती, नवीन बीज किस्में, संतुलित उर्वरक उपयोग जैसे आधुनिक तरीकों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की कृषि, बागवानी, पशुपालन और मत्स्यपालन से जुड़ी योजनाओं का विस्तार से परिचय कराया जाएगा।

**समस्याओं और नवाचारों पर ध्यान**
अभियान के दौरान किसानों से सीधे संवाद कर उनकी खेती से जुड़ी समस्याएं समझी जाएंगी। किसानों द्वारा अपनाए जा रहे नवाचारों की जानकारी भी एकत्रित की जाएगी, जो भविष्य के अनुसंधान और तकनीकी विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी।

**निगरानी और समन्वय**
अभियान की प्रगति की निगरानी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) और राष्ट्रीय बैंकिंग और कृषि प्रबंधन संस्थान (NIBSM), रायपुर द्वारा की जाएगी। कृषि विज्ञान केंद्र एवं संबद्ध विभाग भी इस अभियान में समन्वय की भूमिका निभाएंगे।

**कृषि को विज्ञान आधारित बनाना**
छत्तीसगढ़ सरकार ने इस पहल को किसानों की समृद्धि और छत्तीसगढ़ की कृषि प्रणाली को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। यह अभियान केवल जानकारी देने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि किसानों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खेती करने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे उत्पादन में वृद्धि और आय में सुधार होगा। यह अभियान छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए एक बड़ा अवसर है, जिससे वे अपनी खेती में नवाचार और विज्ञान के साथ जुड़कर बेहतर उपज प्राप्त कर सकेंगे और अपनी आजीविका को मजबूत बना सकेंगे।

### दीनदयाल पोर्ट प्राधिकरण में भर्ती आवेदन 5 जून तक

गुजरात स्थित दीनदयाल पोर्ट प्राधिकरण में कनिष्ठ स्थल अभियंता (विद्युत एवं यांत्रिक) के 30 पदों पर अनुबंध आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। अभ्यर्थियों के पास बीई या बीटेक उपाधि होनी चाहिए। अधिकतम आयु 30 वर्ष है, आरक्षित वर्गों को छूट प्राप्त होगी। चयन मेरिट, साक्षात्कार और प्रमाण-पत्र सत्यापन के आधार पर होगा। मानदेय 49,000 रुपए प्रतिमाह रहेगा। www.deendayalport.gov.in पर 5 जून 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रपत्र 16 जून तक डाक द्वारा भेजना अनिवार्य है।

### UPPSC में 50 पदों पर भर्ती, आवेदन 16 जून तक

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने असिस्टेंट डायरेक्टर, फाइलेरिया कंट्रोल ऑफिसर, प्रिंसिपल, रीडर और लेक्चरर सहित 50 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक उम्मीदवार 16 जून 2025 तक uppsc.up.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता पदानुसार ग्रेजुएट या पोस्ट ग्रेजुएट निर्धारित है, कुछ पदों पर अनुभव जरूरी है। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, चयन साक्षात्कार और दस्तावेज़ जांच एवं मेडिकल शामिल है। वेतन 67,700 रुपए से 2,08,700 रुपए प्रतिमाह तय की गई है।

### TES-54 भर्तीः भारतीय सेना में अधिकारी बनने का सुनहरा मौका

भारतीय सेना ने 10+2 टेक्निकल एंट्री स्कीम (TES-54) के तहत जनवरी 2026 बैच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस योजना के तहत 12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स) पास और जेईई मेन 2025 में शामिल अभ्यर्थी 12 जून 2025 तक joinindianarmy.nic.in पर निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं। कुल 90 पदों पर भर्ती की जाएगी। चयन प्रक्रिया में जेईई स्कोर के आधार पर शॉर्टलिस्टिंग, एसएसबी इंटरव्यू और मेडिकल परीक्षण शामिल है। सफल उम्मीदवारों को सेना में स्थायी कमीशन मिलेगा।

### CGPSC मेंस के लिए 5 जून तक भरे जाएंगे फॉर्म, 26 जून से परीक्षा

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (CGPSC) की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा (मेंस) के लिए आवेदन 5 जून तक भरे जा सकते हैं। परीक्षा 26 जून से 29 जून तक आयोजित होगी। प्रारंभिक परीक्षा में सफल 3737 उम्मीदवार मुख्य परीक्षा के लिए चयनित हुए हैं। डिप्टी कलेक्टर, डीएससी सहित 246 पदों पर भर्ती होगी। त्रुटि सुधार के लिए 6 और 7 जून को ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध रहेगी। सभी जानकारी सीजीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर दी गई है।

### बॉयलर सब इंस्पेक्टर भर्ती, साक्षात्कार 6 जून को

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने बॉयलर इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के नतीजे जारी कर दिए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग में दो पदों के लिए हुई लिखित परीक्षा में छह अभ्यर्थी सफल हुए हैं। इन सभी को 6 जून को रायपुर में होने वाले साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। आयोग ने अपनी वेबसाइट पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की है। साक्षात्कार में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को सभी मूल दस्तावेज साथ लाने होंगे।

### लोक निर्माण विभाग में भर्ती के लिए आवेदन 2 जून तक

लोक निर्माण विभाग में सब इंजीनियर की भर्ती होगी। इसके लिए व्यापमं की ओर से आवेदन मंगाए जा रहे हैं। अभ्यर्थी 2 जून की शाम पांच बजे तक इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। कुल 113 पदों पर भर्ती होगी। इनमें उप अभियंता सिविल के 96 पद हैं। इनमें से 10 बैकलॉग पद हैं। इसके अलावा उप अभियंता के 17 पद हैं। इनमें 1 बैकलॉग पद है। इन पदों पर भर्ती के लिए 13 जुलाई को परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### बायोसाइंस व बायोकेमिस्ट्री की प्रवेश परीक्षा अब 15 जून को

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने बायोसाइंस और बायोकेमिस्ट्री की प्रवेश परीक्षा की तिथि में बदलाव किया है। अब यह परीक्षा 15 जून को आयोजित होगी। एलएलएम की परीक्षा भी अब 28 जून को होगी। विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षाएं 8 जून से शुरू होंगी और शेड्यूल के अनुसार अन्य विषयों की तिथियां यथावत रहेंगी। संशोधित कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### बिहार स्वास्थ्य विभाग में 2619 पदों पर भर्ती, आवेदन 15 जून तक

बिहार स्वास्थ्य विभाग ने स्टेट हेल्थ सोसायटी में 2619 पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट shs.bihar.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि 15 जून 2025 है। न्यूनतम योग्यता बीएएमएस, बीएचएमएस, बीयूएमएस डिग्री के साथ बिहार स्टेट मेडिकल काउंसिल में पंजीयन अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया में चयन साक्षात्कार और दस्तावेज़ जांच शामिल है। मासिक वेतन 32,000 रुपये निर्धारित किया गया है।

## छत्तीसगढ़

### मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना से 17 वनग्रामों में पहुंची रोशनी

मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना के तहत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के 17 दुर्गम वनग्रामों में पहली बार बिजली पहुंची। 3 करोड़ की लागत से 45 किमी लंबी 11 केवी लाइन, 87 पोल और 17 ट्रांसफार्मर लगाए गए। अब तक 275 परिवारों को बिजली कनेक्शन मिल चुका है। वर्षों से अंधेरे में रहने वाले ग्रामीणों की आंखों में रोशनी के साथ उम्मीदें भी जगी हैं।

### मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुद्रणालय भवन का किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव के चिखली में 9 करोड़ रुपये की लागत से बने शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र शासकीय मुद्रणालय है, जहां महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेजों का प्रकाशन होता है। नवीन भवन में पेपर गोदाम, बाइंडिंग यूनिट, टाइप स्टोर, कंपोजिंग रूम सहित 4 बड़े हॉल और 12 कमरे बनाए गए हैं।

### जगरगुंडा में खुली इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा बैंक शाखा

नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के जगरगुंडा में इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा का वर्चुअल शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने किया। यह शाखा आसपास के 12 गांवों के लगभग 14 हजार लोगों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराएगी।

### अटल आवास योजना अंतर्गत 226 आवासों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के तहत् ग्राम मुरमुंदा स्थित अटल आवास योजना के अंतर्गत निर्मित 226 नवीन आवासों का विधिवत लोकार्पण कर हितग्राहियों को उनके सपनों का घर सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने भवन क्रमांक 226 के स्वामी श्री तुषार साहू को गृह प्रवेश कराते हुए कहा, आज हम आपको सिर्फ एक घर नहीं, बल्कि आपके सपनों का आशियाना सौंप रहे हैं।

### जल संवर्धन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा भू-जल संवर्धन मिशन – मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन (शहरी) का शुभारंभ किया। इसके तहत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण-संवर्धन के लिए मिशन मोड पर काम किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में मिशन के ब्रोशर का विमोचन , वीडियो भी लांच किया।

### निगम आयोगों में नियुक्तियों में आंशिक संशोधन

राज्य शासन द्वारा निगम आयोगों में पूर्व में प्रस्तावित नियुक्तियों में आंशिक संशोधन करते हुए श्रीमती शालिनी राजपूत को छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड का अध्यक्ष, श्रीमती चन्द्रकान्ति वर्मा को छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का उपाध्यक्ष, श्री श्रीनिवास राव मद्दी को छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड का अध्यक्ष तथा श्री केदार नाथ गुप्ता को छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

**पहले पेज का शेष**

### मुरमुंदा में समाधान शिविर

मुख्यमंत्री श्री साय ने मुरमुंदा में समाधान शिविर को शासन की पारदर्शिता और जवाबदेही का प्रतीक बताया। उन्होंने हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नयन की घोषणा की और 2630 में से 2539 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया। शिविर में पीएम आवास, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन, जॉब कार्ड और एटीएम कार्ड वितरित किए गए।

### सीतागांव में समाधान शिविर

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सीतागांव में आयोजित समाधान शिविर में मुख्यमंत्री श्री साय ने 8 ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हायर सेकेंडरी स्कूल और 132 केवी सब स्टेशन की स्थापना की घोषणा की। साथ ही, हितग्राहियों को राशन कार्ड, आवास की चाबी, मत्स्य जाल और पेंशन योजनाओं के लाभ भी प्रदान किए।

### अछोटी में समाधान शिविर

धमधा विकासखंड के ग्राम अछोटी में मुख्यमंत्री ने अचानक पहुंचकर महतारी सदन निर्माण का निरीक्षण किया और स्वयं पानी डालकर गुणवत्ता की पुष्टि की। उन्होंने मुरमुंदा में अटल आवासों का लोकार्पण कर लाभार्थी को गृह प्रवेश भी करवाया।

### चुकतीपानी में समाधान शिविर

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के बैगा बाहुल्य गांव चुकतीपानी में मुख्यमंत्री श्री साय ने बिना सूचना पहुंचकर मिडिल स्कूल के प्रांगण में चौपाल लगाई। ओवरफ्लो हो रही पानी की टंकी पर नाराजगी जताते हुए संबंधित इंजीनियर को फटकार लगाई। उन्होंने मिडिल स्कूल की मरम्मत और मैदान को मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा की। स्थानीय महिलाओं ने उन्हें जैविक लाल भाजी भेंट की।

### बिजराकछार में समाधान शिविर

मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के सुदूर गांव बिजराकछार में मुख्यमंत्री ने पहली बार शिविर लगाकर लोगों से संवाद किया। उन्होंने डिंडोरी में कॉलेज, खुड़िया में पीएचसी और लोरमी में छात्रावास की घोषणा की। हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास की चाबियां, लखपति दीदी प्रमाण पत्र सहित अनेक योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। महिला समूह को जंगल सफारी वाहन की चाबी भी दी गई।

### आमागोहन में समाधान शिविर

बिलासपुर जिले के आमागोहन में समाधान शिविर में शामिल हुए मुख्यमंत्री ने बेलगहना में कॉलेज, 32 केवी सब स्टेशन और सामुदायिक भवन की घोषणा की। विशेष बात यह रही कि मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के साथ बैठकर भोजन किया और एक युवा द्वारा भेंट किए गए स्वयं बनाए स्केच को आत्मीयता से स्वीकार किया।

### शंकरगढ़ जनपद में समाधान शिविर

मुख्यमंत्री ने 'सुशासन तिहार' के तहत शंकरगढ़ जनपद के हरगवां गांव का औचक निरीक्षण किया। हेलीकॉप्टर से ढोढ़रीखाला पारा पहुंचने पर ग्रामीणों ने पारंपरिक स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने आम, कटहल और महुआ के पेड़ तले चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। पानी, वनपट्टा व आवास योजनाओं की जानकारी ली। समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

## राष्ट्रीय

### डीआरडीओ ने समुद्री पानी को पीने लायक बनाने की तकनीक विकसित की

भारतीय सेनाओं के लिए अत्याधुनिक हथियार और लड़ाकू विमान तैयार करने वाले रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) ने इससे हटकर एक खास सफलता हासिल की है। डीआरडीओ ने समुद्र के खारे पानी को पीने लायक मीठे जल में बदलने की दिशा में स्वदेशी तकनीक विकसित करने में कामयाबी पाई है। डीआरडीओ ने बेहद सूक्ष्म छिद्रों वाली बहुपरतीय पॉलीमर झिल्ली को सफलतापूर्वक तैयार किया है। इसे आठ महीने के रिकॉर्ड समय में विकसित किया गया है।

### केरलः 10वीं में रोबोटिक्स अनिवार्य, ऐसा पहला राज्य

केरल सरकार ने 10वीं के सभी 4.3 लाख छात्रों के लिए रोबोटिक्स शिक्षा अनिवार्य कर दी है। यह व्यवस्था 2 जून से शुरू हो रहे सत्र से लागू होगी। केरल ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। राज्य के हाई स्कूलों में 29 हजार रोबोटिक किट भेजी गई हैं।

### इसरो का 101 वां मिशन

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का 101वां मिशन पूरा नहीं हो सका। लॉन्चिंग के तीसरे चरण में मोटर केस के चेंबर प्रेशर में गिरावट के कारण पीएसएलवी स्वदेशी जासूसी उपग्रह ईओएस-09 को कक्षा तक पहुंचाने में सफल नहीं हो सका। पीएसएलवी चार-चरणों वाला रॉकेट है। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 18 मई सुबह 5:59 बजे ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) सी-61 ने अर्थ आब्जर्वेशन सेटेलाइट ईओएस-09 के साथ उड़ान भरी, लेकिन उड़ान के 12वें मिनट में इसमें तकनीकी समस्या आ गई।

### फोर्ब्स की '30 अंडर 30' एशिया सूची में अनन्या पांडे

अमेरिकी बिजनेस मैगजीन फोर्ब्स ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 30 वर्ष से कम आयु के युवा उद्यमियों, कलाकारों और खिलाड़ियों की '30 अंडर 30' सूची जारी की है। सूची में अभिनेत्री अनन्या पांडे, अभिनेता ईशान खट्टर, गायक अनुव जैन और फिल्म निर्माता सुलग्ना चटर्जी का नाम शामिल है। खेल श्रेणी से सूची में शतरंज ग्रैंडमास्टर डी गुकेश, और पैरालिंपियन शीतल देवी भी शामिल हैं।

### डॉ. अजय कुमार ने यूपीएससी अध्यक्ष का पद संभाला

रक्षा मंत्रालय के पूर्व सचिव डॉ. अजय कुमार ने संघ लोक सेवा आयोग-यूपीएससी के अध्यक्ष पद के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। आयोग के सबसे वरिष्ठ सदस्य सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला ने उन्हें शपथ दिलाई।

### पहले परमाणु रिएक्टर की नींव रखने वाले श्रीनिवासन नहीं रहे

देश के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को दिशा देने वाले वरिष्ठ वैज्ञानिक और एटॉमिक एनर्जी कमीशन के पूर्व चेयरमैन डॉ. एमआर श्रनिवासन (45) का 20 मई को निधन हो गया। श्रीनिवासन ने डॉ. होमी भाभा के साथ मिलकर 1955 में देश के पहले न्यूक्लियर रिसर्च रिएक्टर 'अप्सरा' के निर्माण में अहम भूमिका निभाई थी।

### बिग बैंग को चुनौती देने वाले वैज्ञानिक डॉ. जयंत विष्णु नार्लीकर का निधन

प्रसिद्ध खगोल वैज्ञानिक डॉ. जयंत विष्णु नार्लीकर (86) का 20 मई को पुणे में निधन हो गया। उन्हें हॉपल नार्लीकर ग्रेविटी थ्योरी के लिए ख्याति मिली थी, जो 'बिग बैंग' सिद्धांत का वैकल्पिक मॉडल है। उन्हें विज्ञान को सरल भाषा में समझाने वाले वैज्ञानिक के रूप में जाना जाता है।

### माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली महिला सीआईएसएफ अधिकारी बनीं गीता

सीआईएसएफ की महिला सब-इंस्पेक्टर गीता समोटा ने 8,849 मीटर ऊंचे माउंट एवरेस्ट पर सफल चढ़ाई की है। वह ऐसा करने वाली पहली सीआईएसएफ कर्मी बन गई हैं। गीता ने 19 मई को यह उपलब्धि हासिल की।

### 17 सांसदों को संसद रत्न अवॉर्ड

भर्तृहरि महताब और रवि किशन सहित 17 सांसदों और दो संसदीय स्थाई समितियों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। इन पुरस्कारों की शुरुआत प्राइम पाइंट फाउंडेशन ने की थी। पुरस्कार विजेताओं का चयन राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर की अध्यक्षता वाली निर्णायक समिति ने किया। महताब, सुप्रिया सुले, एनके. प्रेमचंद्रन और श्रीरंग अप्पा बारणे को संसदीय लोकतंत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। संसद रत्न पुरस्कार स्मिता वाघ, अरविंद सावंत, नरेश गणपत म्हस्के, वर्षा गायकवाड़, मेधा कुलकर्णी, प्रवीण पटेल, रवि किशन, निशिकांत दुबे, विद्युत बरन महतो, पीपी चौधरी, मदन राठौर, सीएन अन्नादुरई और दिलीप सैकिया शामिल हैं।

### 20 रुपए का नया नोट जारी होगा, पुराने नोट भी वैध रहेंगे

आरबीआई जल्द ही 20 मूल्य के नए नोट जारी करेगा। ये नोट महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में होंगे। इन पर नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। नए नोटों का डिजाइन पहले से चल रहे नोटों जैसा ही रहेगा। पहले जारी किए गए सभी 20 के नोट भी वैध बने रहेंगे।

### आईआरसीटीसी ने 'स्वरेल' एप लॉन्च किया, यह पहले से अच्छा

आईआरसीटीसी ने नया सुपरएप स्वरेल लॉन्च कर दिया है। इसके जरिए रेल यात्रा करने वाले लोग टिकट बुकिंग, फूड ऑर्डर कर सकेंगे। इससे ट्रेन की स्थिति की जानकारी, पीएनआर आदि की भी सुविधाएं मिलेंगी। इस एप की खासियत इसका स्मार्ट और सिंपल इंटरफेस है। इसमें फेस आईडी और फिंगरप्रिंट लॉगिन का भी ऑप्शन है।

### CAR-T थेरेपी सफल, सिर्फ नौ दिन में ब्लड कैंसर खत्म

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR) और सीएमसी वेल्लोर के डॉक्टरों ने मिलकर एक ऐसी तकनीक विकसित की है, जो ब्लड कैंसर (ल्यूकेमिया) को सिर्फ 9 दिनों में खत्म कर सकती है। इस नई तकनीक का नाम VELCART है और इसे CAR-T सेल थेरेपी के तहत तैयार किया गया है। ये तकनीक न सिर्फ तेजी से कैंसर का इलाज कर सकती है बल्कि ये किफायती भी है। इस तकनीक से किया गया इलाज वैश्विक लागत से 90% सस्ता है।

## अंतरराष्ट्रीय

### श्री अनुराग भूषण स्वीडन में भारत के अगले राजदूत नियुक्त

श्री अनुराग भूषण को यूरोपीय देश स्वीडन में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भूषण जल्द ही स्वीडन में कार्यभार संभालेंगे। भूषण 1995 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी हैं। वर्तमान में वह विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं। स्वीडन में भारतीय दूतावास के अनुसार, भारत और स्वीडन के बीच घनिष्ठ संबंध हैं, जो समान मूल्यों, मजबूत व्यापार, निवेश, शांति, पर आधारित हैं।

### शिलांग से सिलचर तक राष्ट्रीय राजमार्ग को मिली मंजूरी

केंद्र सरकार मेघालय के शिलांग से असम के सिलचर तक एक अहम और रणनीतिक राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने जा रही है। 30 अप्रैल को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस परियोजना को मंजूरी दी थी। इस परियोजना से पूर्वोत्तर के राज्यों तक पहुंचने के लिए सिलिगुड़ी कॉरिडोर पर निर्भरता कम हो जाएगी। हाईवे बनने के बाद सड़क के जरिए माल की आवाजाही आसान होगी, जो क्षेत्र में आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा देगी। ये गुवाहाटी हवाई अड्डे, शिलाग हवाई अड्डे और सिलचर हवाई अड्डे से आने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की जरूरतों को भी पूरा करेगा।

### WHO के सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से दुनिया का पहला महमारी समझौता किया

विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से दुनिया का पहला महामारी समझौता किया। 78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा द्वारा लिया गया यह ऐतिहासिक निर्णय कोविड-19 महामारी के विनाशकारी प्रभावों के बाद सरकारों द्वारा शुरू की गई तीन वर्ष से अधिक की वार्ता का परिणाम है। इस समझौते का लक्ष्य भविष्य की महामारियों से दुनिया को सुरक्षित बनाना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने कहा कि यह समझौता सार्वजनिक स्वास्थ्य, विज्ञान और बहुपक्षीय कार्रवाई की जीत है।

### आतंकवाद के खिलाफ साझा संकल्प, रणनीतिक साझेदारी होगी मजबूत

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जर्मनी के चांसलर फ्रेदरिक मेर्त्स से क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम पर बातचीत की। दोनों देशों ने आतंकवाद से मुकाबले में एकजुट रहने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि टेलीफोन पर हुई बातचीत में दोनों नेताओं ने हर प्रकार के आतंकवाद से निपटने का संकल्प लिया। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने श्री फ्रेदरिक मेर्त्स को जर्मनी का चांसलर बनने पर बधाई दी तथा दोनो देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने एक व्यापक समझौते पर हस्ताक्षर किए

ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने एक व्यापक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत 2040 तक ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में 12 अरब डॉलर से अधिक धन अर्जित होने की उम्मीद है। लंदन में आयोजित पहली ब्रिटेन यूरोपीय संघ शिखर बैठक से पहले इस समझौते का खुलासा किया गया। इस बैठक को दोनों पक्षों ने ऐतिहासिक बताया। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इस समझौते को संबंधों में एक नया अध्याय बताया और कहा कि दोनों पक्ष ब्रेक्सिट के बाद के वर्षों के तनाव के बाद संबंधों को फिर से स्थापित करना चाहते हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि इस सौदे से निर्यातकों के लिए लालफीताशाही कम होगी और ब्रिटिश सुपरमार्केट में खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होंगी।

### सागरमाथा संवाद संपन्नः पर्वत संरक्षण और जलवायु कार्रवाई पर वैश्विक आह्वान

नेपाल के काठमांडू में तीन दिवसीय 'सागरमाथा संवाद' संपन्न हुआ, जिसका विषय था "जलवायु परिवर्तन, पर्वत और मानवता का भविष्य।" इसमें पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा के लिए वैश्विक सहयोग और कार्रवाई का आह्वान किया गया। संवाद ने पेरिस समझौते और 2030 सतत विकास एजेंडे की पुष्टि की। विकासशील देशों को अंतरराष्ट्रीय जलवायु निधियों तक सरल और न्यायसंगत पहुंच सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। समापन पर नेपाल ने 2027 में अगला संस्करण आयोजित करने की घोषणा की। संवाद में 36 देशों के 175 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और हिमालय क्षेत्र पर विशेष चर्चा हुई।

### ट्रंप की घोषणा, अंतरिक्ष मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट 'गोल्डन डोम' प्रोजेक्ट का किया एलान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 मई को महत्वाकांक्षी गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है। इस प्रोजक्ट का एलान करते हुए ट्रंप ने कहा कि हम गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस शील्ड के बारे में ऐतिहासिक घोषणा कर रहे हैं। यह कुछ ऐसा है जो हम चाहते हैं। आगे कहा कि रोनाल्ड रीगन (40वें अमेरिकी राष्ट्रपति) इसे कई साल पहले चाहते थे, लेकिन उनके पास तकनीक नहीं थी। लेकिन यह कुछ ऐसा है जो हमारे पास होगा। हम इसे उच्चतम स्तर पर रखने जा रहे हैं।

### 100 की उम्र में बने विश्व के सबसे बुजुर्ग बॉडी बिल्डर

100 साल के एंड्रयू बास्तिनो ने इतिहास रच दिया है। हाल ही में उन्होंने मेन्स फिजिक प्रतियोगिता में भाग लेकर 90 वर्षीय जिम अरिंगटन का गिनीज विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। उनकी फिटनेस और जज्बा लाखों लोगों के लिए प्रेरणा है। वे द्वितीय विश्व युद्ध सैनिक भी रह चुके हैं उसके बाद से ही वे एथलीट बन गए थे।

### सीधे इंस्टाग्राम रील से बुक कर सकेंगे यात्रा का पैकेज

इंस्टाग्राम यूजर्स अब किसी रील से उसमें दिख रहे जगह का टूर पैकेज ले सकेंगे। एक अमेरिकी ट्रैवल कंपनी ने इसके लिए एआई से लैस नया टूल लॉन्च किया है। फिलहाल यह सुविधा बीटा वर्जन के लिए उपलब्ध है।

### भारत की ट्रैवल एजेंसियों पर वीसा बैन

अमेरिका ने भारत में काम कर रही उन ट्रैवल एजेंसियों के मालिकों, अधिकारियों और सीनियर कर्मचारियों पर वीसा प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है, जो जानबूझकर अवैध इमिग्रेशन में मदद कर रहे थे। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। अमेरिका ने साफ किया कि यह प्रतिबंध नीति उन लोगों पर भी लागू होंगे जो वीसा वेवर प्रोग्राम के तहत अमेरिका आने के योग्य हैं।

## खेल / कला

### भारत ने SAFF अंडर-19 फुटबॉल चैंपयनशिप जीती

भारत ने सैफ अंडर-19 चैंपयनशिप जीती। 18 मई को खेले गए फाइनल में भारत ने बांग्लादेश को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया, जबकि मैच का समय समाप्त होने पर स्कोर 1-1 था। भारत ने दूसरे मिनट में कप्तान सिगमयूम शामी के गोल से बढ़त बनाई। बांग्लादेश ने 61वें मिनट में मोहम्मद जाय के गोल से बराबरी कर ली। यह भारत का दूसरा SAFF U-19 खिताब है—पहला खिताब भारत ने 2023 में जीता था।

### स्टेट लेवल किक- बॉक्सिंग में आरना ने जीता गोल्ड मेडल

रायपुर की युवा किक बॉक्सर आरना यदु ने स्टेट लेवल चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीता। कोरबा में कैडेट और जूनियर बालक-बालिका वर्ग में आयोजित टूर्नामेंट में 538 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें आरना ने कैडेट कैटेगरी गोल्ड हासिल किया। इसी के साथ खिलाड़ी ने नेशनल चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई भी कर लिया है। प्रदेश संघ के सचिव तारकेश मिश्रा ने बताया कि स्टेट चैम्पियनशिप में मेजबान कोरबा ओवरऑल पहले और रायपुर की टीम दूसरे स्थान पर रही।

### रेणु भारतीय वॉलीबॉल टीम की कोच नियुक्त

छत्तीसगढ़ की वॉलीबॉल कोच रेणु परीक को भारतीय टीम का कोच नियुक्त किया गया है। 7 से 14 जून तक वियतनाम में होने जा रही चैम्पियनशिप में रेणु भारतीय महिला टीम को कोचिंग देंगी। संघ के सचिव हेम प्रकाश नायक ने बताया कि पहली बार छत्तीसगढ़ से किसी महिला कोच का चयन वॉलीबॉल की इंटरनेशनल चैम्पियनशिप के लिए हुआ। रेणु रायपुर साई सेंटर में सहायक कोच के रूप में सेवाएं दे रही हैं। भारतीय टीम का कोचिंग कैंप 5 जून तक दिल्ली में आयोजित है। जिसके बाद टीम वियतनाम के लिए रवाना होगी।

### बोलोग्ना ने 51 साल बाद जीता खिताब

इटली के फुटबॉल क्लब बोलोग्ना ने 51 साल का लंबा इंतजार खत्म करते हुए कोपा इटालिया ट्रॉफी अपने नाम कर ली। बोलोग्ना ने फाइनल में एसी मिलान को 1-0 से हराकर 1973-74 के बाद अपना पहला खिताब जीता। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद 53वें मिनट में डेन एनडोयो ने मैच का एकमात्र गोल दागा, जो अंततः निर्णायक साबित हुआ। बोलोग्ना ने तीसरी बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीता है, इससे पहले टीम 1970 और 1974 में चैंपियन बनी थी। जुवेंटस ने रेकॉर्ड 15 बार इस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। वहीं एसी मिलान छठी बार यह खिताब जीतने से चूक गई। उसने अंतिम बार 2003 में कौपा इटालिया जीता था।

### अल्कारेज ने जीता सीजन का तीसरा टाइटल

वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने पहली बार इटैलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में डोपिंग बैन से वापसी कर रहे जैनिक सिनर को 7-6, 6-1 से हराया। अल्कोरेज का यह सीजन का तीसरा खिताब रहा। उन्होंने करियर का सातवां एटीपी मास्टर्स 1000 टाइटल जीता।

### पायल कपाड़िया कान फेस्टिवल में ज्यूरी बनीं

पायल कपाड़िया ने पिछले साल अपनी पहली फीचर फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' के लिए ग्रैंड प्रिक्स जीतकर इतिहास रचा था। अब पायल कान फिल्म फेस्टिवल 2025 की ज्यूरी सदस्य बन गई हैं। 77वें कान फेस्टिवल में मिली सफलता के एक साल बाद उनका फ्रेंच रिवेरा में बतौर पैनलिस्ट लौटना एक नई उपलब्धि है।

### प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट जीता

भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के साथ रोमांचक टाइब्रेक प्लेआफ मुकाबला जीतकर सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट अपने नाम किया। प्रज्ञानानंदा, वाचियेर लाग्रेव और फिरोजा नौवें दौर के बाद 5.5 अंक लेकर बराबरी पर थे, जिससे विजेता का फैसला त्रिकोणीय टाइब्रेकर से हुआ। टाइब्रेकर में पहली दो बाजियां ड्रॉ रहने के बाद प्रज्ञानानंदा ने तीसरी बाजी और खिताब जीता। भारत के विश्व चैम्पियन डी गुकेश चार अंक लेकर नौवें स्थान पर रहे।

### चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय हॉकी जूनियर टीम घोषित

अर्जेंटीना के रोसारियो में 25 मई से दो जून के बीच खेले जाने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिये हॉकी इंडिया ने 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली भाग ले रहे है। यह टूर्नामेंट दिसंबर में होने वाले एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप की तैयारी में अहम भूमिका निभायेगा। भारतीय टीम प्रत्येक देश के खिलाफ दो मैच खेलेगी। भारतीय टीम का नेतृत्व गोलकीपर निधि करेंगी जबकि फॉरवर्ड हिना बानो उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगी। चयनित टीम में दूसरे गोलकीपर के रूप में एंजिल हर्षा रानी मिंज शामिल हैं, जबकि विद्याश्री वी को स्टैंडबाय के रूप में शामिल किया गया है। रक्षात्मक इकाई में ममिता ओरम, लालथंटलुआंगी, मनीषा, पूजा साहू, पार्वती टोपनो, नंदिनी और साक्षी शुक्ला शामिल हैं।

### जीव आयरिश लीजेंड्स गोल्फ में संयुक्त चौथे स्थान पर

भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने 'आयरिश लीजेंड्स गोल्फ टूर्नामेंट' के दूसरे दिन पांच अंडर 67 का संयुक्त रूप से दिन का सबसे बेहतर कार्ड खेला जिससे वह दूसरे दौर के खेल के बाद संयुक्त चौथे स्थान पर है। उन्होंने पहले दौर में 70 का कार्ड खेला था जिससे उनका कुल स्कोर सात अंडर का रहा।

### पाओलिनी ने गफ को हराकर जीता इटेलियन ओपन

इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने 17 मई को रोम में खेले गए इटेलियन ओपन फाइनल में चौथी वरीय कोको गफ को 6-4, 6-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह पाओलिनी का साल 2025 का पहला और करियर का सबसे बड़ा खिताब है। घरेलू दर्शकों के सामने मिली इस जीत से वह पहली बार इटेलियन ओपन चैंपियन बनीं। गफ ग्रैंड स्लैम चैंपियन रह चुकी हैं, लेकिन पाओलिनी के आक्रामक खेल के आगे टिक नहीं पाईं। दूसरी ओर पुरुष वर्ग में इटली के जानिक सिनर ने टामी पाल को हराकर फाइनल में जगह बनाई हैं।

*स्त्रोत : pib, newsonair, ptinews, aninews*

# ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा)

## चतुर्थ तल, ब्लॉक-ए, इन्द्रावती भवन, अटल नगर नवा, रायपुर (छ.ग.) 490002

भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा एवं बरगढ़ (उड़ीसा) में दिनांक 01 जुलाई 2025 से प्रारंभ होने वाले डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर एवं Lateral Entry के आधार पर सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उपरोक्त दोनों संस्थानों में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों की संख्या निम्नानुसार है :-

| क्र | संस्थान | उपलब्ध सीट | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अजजा (ST) | अजा (SC) | अपिव (OBC) | बुन, समुदाय (WC) | अनारक्षित (UR) | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा | 09 | 04 | 04 | 06 | 07 | 00 | 30 |
| 2 | भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान बरगढ़ | 01 | 01 | - | 01 | 01 | 00 | 04 |

- **प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता :-**
  आवेदक को हाईस्कूल 10वीं अथवा समकक्ष परीक्षा अंग्रेजी सहित उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
- **आयु सीमा :-**
  आवेदक की आयु सीमा 01 जुलाई 2025 को 15 वर्ष से 23 वर्ष के बीच होना आवश्यक है अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 15 वर्ष से 25 वर्ष होगी।

**सीधे तृतीय सेमेस्टर (Lateral Entry) में प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों की संख्या निम्नानुसार है:-**

| क्र | संस्थान | उपलब्ध सीट | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अजजा (ST) | अजा (SC) | अपिव (OBC) | बुन, समुदाय (WC) | अनारक्षित (UR) | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा | 08 | 03 | 04 | 05 | 06 | 00 | 26 |
| 2 | भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान बरगढ़ | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 01 |

**सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता :-**

आवेदक को हायर सेकेण्डरी (12वीं) की परीक्षा गणित, भौतिकी एवं रसायन विषय सहित उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**अथवा**

आवेदक को हायर सेकेण्डरी (12वीं) की परीक्षा के साथ वस्त्र प्रौद्योगिकी में अतिरिक्त विषय के उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**अथवा**

हाईस्कूल (10वीं) परीक्षा के साथ 02 वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पात्र होगा।

**अथवा**

हायर सेकेण्डरी (12वी) परीक्षा के साथ 02 वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पात्र होगा।

**आयु सीमाः**-आवेदक की आयु सीमा 01 जुलाई 2025 को 17 वर्ष से 25 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 17 वर्ष से 27 वर्ष होगी।

**छात्रवृत्तिः**- संस्थान में प्रवेश प्राप्त एवं अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को माह में 80% उपस्थिति के आधार पर निम्नानुसार छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है।

| | | |
|---|---|---|
| डिप्लोमा प्रथम वर्ष | - | रूपये 2500/- प्रतिमाह |
| डिप्लोमा द्वितीय वर्ष | - | रूपये 2500/- प्रतिमाह |
| डिप्लोमा तृतीय वर्ष | - | रूपये 2500/- प्रतिमाह |

**अन्य शर्ते :-**

- संस्थान में अध्ययन एवं परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी है।
- संस्थान में प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में बांड पत्र निष्पादित करना होगा।
- अभ्यर्थी को उपरोक्त दोनों संस्थानों हेतु आवेदन करने पर दोनों में से किसी एक संस्थान में प्रवेश के लिए अपनी प्राथमिकता को दर्शाना होगा।

**आवेदन कैसे करें :-**

1. इस विज्ञापन के साथ आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप प्रकाशित किया गया है, साथ ही आवेदन पत्र भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा के वेबसाईट www.iihtcham-pa.org.in से डाऊनलोड किया जा सकता है। भरे हुये आवेदन पत्र रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 10/06/2025 को सायं 5:00 बजे तक प्राचार्य, भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, मड़वा प्लांट रोड, लछनपुर चौक, चाम्पा, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) 495669 में पहुंचना अनिवार्य है।
   **अधूरे एवं निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।**
2. आवेदन पत्र के साथ निम्न प्रमाण पत्रों की छायाप्रति राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित कर संलग्न किया जाना आवश्यक हैः-

**प्रथम सेमेस्टर हेतु :-**

अ. हाईस्कूल परीक्षा की अंकसूची।
ब. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
स. अनुसूचित जाति/जनजाति/अपिव होने का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
द. बुनकर समुदाय से संबंधित होने का प्रमाण पत्र। (बुनकर समुदाय का होने के समर्थन में अपने पिता/पालक का बुनकर फोटो परिचय पत्र, बुनकर क्रेडिट कार्ड या बुनकर स्वास्थ्य बीमा कार्ड या बुनकर यार्न पासबुक की सत्यापित फोटोप्रति अथवा बुनकर सेवा केन्द्र या राज्य सरकार के कार्यालय द्वारा बुनकर होने का प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।)

**तृतीय सेमेस्टर हेतु :-**

अ. हायर सेकेण्डरी (12वीं) परीक्षा की अंकसूची अथवा हाईस्कूल परीक्षा की अंकसूची। अथवा (ITI, 10+2, 10+2+Textile Additional अतिरिक्त विषय) समकक्ष उत्तीर्ण परीक्षा की अंकसूची।
ब. 02 वर्ष का डिप्लोमा प्रमाण पत्र औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) से प्राप्त।
(केवल हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण होने की स्थिति में)
स. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
द. अनुसूचित जाति/जनजाति/अपिव होने का सक्षम प्राधिकरी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।

संयुक्त संचालक
ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा,
विभागाध्यक्ष कार्यालय ब्लाक ए,
चतुर्थ तल इंद्रावती भवन,
नवा रायपुर (छ.ग.)

**क्रमशः**

## आवेदन पत्र का प्रारूप
## भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान
## चाम्पा (छत्तीसगढ़)/बरगढ़ (उड़ीसा) के लिए आवेदन-पत्र

**प्रति,**

**संचालक**
**ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा कक्ष)**
**विभागाध्यक्ष कार्यालय, ब्लॉक ए,**
**चतुर्थ तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर (छ.ग.)**

**स्वप्रमाणित पासपोर्ट साईज नवीनतम फोटोग्राफ**

दिनांक-------को प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में निम्न विवरण अनुसार मैं अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करता हूँ :-

| | प्रथम सेमेस्टर | | तृतीय सेमेस्टर |
|---|---|---|---|

1. आवेदक का नाम :----------
   हिन्दी में :----------
   अंग्रजी में :----------
2. पिता का नाम :----------
3. माता का नाम :----------
4. (अ) जन्म तिथि :----------
   (ब) आयु (01.07.2025 की स्थिति में) :---वर्ष---माह----दिन----
5. राज्य का नाम, जहां के मूल निवासी हैं :----------
6. वर्ग (सामान्य/अजा/अजजा /अपिव) :----------
7. बुनकर समुदाय से हैं अथवा नहीं :----------
   (यदि हां तो प्रमाण पत्र संलग्न करें।)
8. पिता का व्यवसाय एवं आय :----------
9. स्थानीय पालक यदि कोई हो तो नाम :----------
   पता एवं व्यवसाय
10. पत्र व्यवहार हेतु वर्तमान पता :नाम----------
    :पिता का नाम----------
    :वार्ड क्रं/मोहल्ला----------
    :ग्राम/शहर------:तहसील-----
    वि. खण्ड----जिला----पिन----
11. स्थायी पता :नाम----------
    :पिता का नाम----------
    :वार्ड क्रं/मोहल्ला----------
    :ग्राम/शहर------:तहसील-----
    वि. खण्ड----जिला----पिन----
    ई - मेल (कोई हो):----------
    मोबाईल नंबर 1. स्वयं का-------
    2. पिता/पालक का----------
12. स्कूल/महाविद्यालय का नाम (जहां अंतिम वर्ष अध्ययन किया हो):----------
13. हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने का माह/वर्ष :----------
14. अ. प्रथम सेमेस्टर हेतु हाईस्कूल/हायर सेकण्डरी या समकक्ष परीक्षा में प्राप्तांको का विवरण :
    (अंकसूची की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्र. | हाईस्कूल | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्राप्तांक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल प्राप्तांक | | | |
| 2 | विज्ञान विषय में कुल प्राप्तांक | | | |
| 3 | गणित विषय में कुल प्राप्तांक | | | |

ब. तृतीय सेमेस्टर (Lateral Entry) हेतु हाईस्कूल / हायर सेकण्डरी या समकक्ष परीक्षा में प्राप्तांको का विवरणः (अंकसूची की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्र. | हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी या समकक्ष परीक्षा | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्राप्तांक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल प्राप्तांक | | | |
| 2 | गणित विषय में कुल प्राप्तांक | | | |
| 3 | भौतिक विषय में कुल प्राप्तांक | | | |
| 4 | रसायन विषय में कुल प्राप्तांक | | | |
| 5 | अन्य ---------- | | | |
| 6 | अन्य ---------- | | | |

15. क्या आवेदक ने प्रथम बार में हाईस्कूलः----------
    परीक्षा उत्तीर्ण किया है हॉ/नहीं
16. प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऐच्छिक संस्थान की प्राथमिकता :----------
    (प्राथमिकता क्रम दर्शायें)
    अ. ☐ IIHT चाम्पा.
    ब. ☐ IIHT बरगढ़
    स. ☐ 1. IIHT चाम्पा, 2. IIHT बरगढ़
    द ☐ 1. IIHT बरगढ़, 2. IIHT चाम्पा

(नोट अगर पहली प्राथमिकता आई आई एच.टी. चाम्पा है तो "अ" बाक्स में सही (✓) लिखें तथा आई आई एच. टी. बरगढ़ है तो "ब" बाक्स में सही (✓) लिखे। अगर पहली प्राथमिकता आई.आई.एच.टी. चाम्पा एवं दूसरी प्राथमिकता बरगढ़ है तो "स" बाक्स में सही (✓) लिखों तथा अगर पहली प्राथमिकता आई.आई. एच.टी. बरगढ़ एवं दूसरी प्राथमिकता चाम्पा है तो "द" बाक्स में सही (✓) लिखें।

17. निवास स्थान से नजदीकी रेलवे स्टेशन :----------
18. खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में प्राप्त :----------
    अवार्ड का विवरण (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :----------

**(आवेदक के हस्ताक्षर)**

**//घोषणा//**

मैं एतद द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी मेरे स्वयं की जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है।

आवेदक के पिता/पालक का हस्ताक्षर (नाम----------) आवेदक के हस्ताक्षर (नाम----------)

स्थानः----------
दिनांकः----------

**संलग्नः-**

अ. हाईस्कूल परीक्षा की अंकसूची अंकसूची अथवा (ITI, 10+2, 10+2+Textile Additional अतिरिक्त विषय समकक्ष उत्तीण परीक्षा की अंकसूची।
ब. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
स. अनुसूचित जाति/जनजाति/अपिव होने का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
द. बुनकर समुदाय से संबंधित होने का प्रमाण पत्र। (बुनकर समुदाय का होने के समर्थन में अपने पिता/पालक का बुनकर फोटो परिचय पत्र, बुनकर क्रेडिट कार्ड या बुनकर स्वास्थ्य बीमा कार्ड या बुनकर यार्न पासबुक की सत्यापित फोटोप्रति अथवा बुनकर सेवा केन्द्र या राज्य सरकार के कार्यालय द्वारा बुनकर होने का प्रमाण पत्र)
इ. अन्यः----------
---

**आर.ओ 41 /जी-252600942.3**

# संचालनालय कृषि, रायपुर (छत्तीसगढ़)

क्र/एक्स.रि./खू.ब.पु./2025-26/59 नवा रायपुर, दिनांक 14/05/2025

## सूचना
## "डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रण

छ.ग. शासन, कृषि विभाग के अधिसूचना क्रमांक/4326/कृषि/2001 रायपुर, दिनांक 17.10.2001 एवं अधिसूचना क्रमांक/2310/बी-6-26/2004/14-2 दिनांक 08 जून, 2007 तथा पत्र क्रमांक /2607/एफ-6-26/पुर./2004/14-2 रायपुर, दिनांक 08.07.2011 द्वारा दी गई सहमति तथा अधिसूचना क्र/1128/बी-6-26/खू.ब./2015/14-2 दिनांक 08.06.2015 द्वारा किये गये संशोधन अनुसार **वर्ष 2025 हेतु 'डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार** के लिए कृषकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र संबंधित जिला के उप संचालक कृषि कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र संबंधित जिले के उप संचालक कृषि, कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त सूचना की संपूर्ण जानकारी कृषि विभाग के वेबसाईट (Website) www.agriportal.cg.nic.in पर उपलब्ध है।

संचालक
कृषि, छ.ग. रायपुर

**आर.ओ. 42/जी-252600911.3**

# कार्यालय कलेक्टर

## (आदिम जाति कल्याण शाखा) जिला-जशपुर

(कलेक्टोरेट प्रथम तल, दूरभाष-07763-223212 Email-actd.jashpur@gmail.com)

क्रमांक / PVTGRS/आ.जा.क./ 2025-26/ जशपुर, दिनांक :-16/05/2025

### जशपुर जिले में संचालित विशेष पिछड़ी जनजातीय (पहाड़ी कोरवा) आवासीय विद्यालय रूपसेरा, (भड़िया), वि.ख. बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.) में छ.ग. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड हिन्दी माध्यम विद्यालय के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था के लिए -: मार्गदर्शी सूचना प्रारूपः-

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित विशेष पिछड़ी जनजातीय (पहाड़ी कोरवा) आवासीय विद्यालय रूपसेरा, (भड़िया), वि.ख. बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.) में निम्नानुसार अतिथि शिक्षक (प्रति कालखण्ड निर्धारित मानदेय के आधार पर) व्यवस्था किया जाना है। इच्छुक अभ्यार्थी दिनांक 30.05.2025 सायं 05:30 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में स्पीड पोस्ट/ रजिस्ट्रड डाक द्वारा कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जिला-जशपुर में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्रस्तुत आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। अतिथि शिक्षक व्यवस्था किये जाने हेतु विषयवार रिक्तियों की संख्या आवश्यक अनिवार्य योग्यता निर्धारित मानदेय एवं आवश्यक शर्तें निम्नलिखित है :-

**1. विषयवार रिक्तियों की संख्या :-**

| क्र. | पद | विषय | पद संख्या | क्र. | पद | विषय | पद संख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक शिक्षक प्राथमिक स्तर के लिए | गणित / विज्ञान | 01 | 2. | शिक्षक माध्यमिक स्तर से हाई स्कूल तक | गणित | 01 | - |
| | | सा. विज्ञान | 01 | | | विज्ञान | 01 | - |
| | | हिन्दी | 01 | | | सा. विज्ञान | 01 | - |
| | | - | - | | | हिन्दी | 01 | - |
| | | - | - | | | अंग्रेजी | 02 | - |
| कुल योगः- | | | 03 | | - | - | 06 | |

उपरोक्त संख्या परिवर्तनीय है, विद्यालय में आवश्यकतानुसार शिक्षकों की संख्या कम/अधिक हो सकती है।

2. पदो हेतु अनिवार्य योग्यता :-

**(1) अतिथि (सहा. शिक्षक) प्राथमिक विद्यालय स्तर हेतु अनिवार्य योग्यता :-**

i. न्यूनतम 50% प्रतिशत अंको के साथ किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से हायर सेकेण्डरी परीक्षा कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए।

ii. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से शिक्षाशास्त्र में 02 वर्षीय डिप्लोमा D.El.Ed या D.Ed की डिग्री प्राप्त होनी चाहिए।

iii. छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (C.G TET Paper I) या केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (C TET Paper I) उत्तीर्ण होना चाहिए।

**(2) टी.जी.टी. - अतिथि (शिक्षक) माध्यमिक कक्षाओं हेतुः-**

i. न्यूनतम 50% अंको के साथ एनसीईआरटी के रिजनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन से संबंधित विषय में 04 साल का इंटीग्रेटेड कोर्स या संबंधित विषय में 50% अंको के साथ स्नातक की डिग्री।

- टी.जी.टी. (अंग्रेजी):- स्नातक में एक विषय अंग्रेजी होना चाहिए।
- टी.जी.टी. (हिन्दी): स्नातक में एक विषय हिन्दी होना चाहिए।
- टी.जी.टी. (गणित) मुख्य रूप से गणित भाषा के साथ दूसरे विषय के रूप में भौतिकी, रसायन, विज्ञान, इलेक्ट्रानिक्स, कम्प्यूटर विज्ञान, वाणिज्य, अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी ।
- टी.जी.टी. (सामाजिक विज्ञान) स्नातक स्तर पर निम्नलिखित विषयों में से कोई भी दो मुख्य विषय के तौर पर होना चाहिये भूगोल / अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र / इतिहास जिनमें से एक इतिहास या भूगोल होना चाहिये।
- टी.जी.टी. (विज्ञान): बॉटनी, जियोलॉजी और केमेस्ट्री में से किन्ही दो विषयों के साथ विज्ञान में स्नातक डिग्री।

ii. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एड या समकक्ष डिग्री।
राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET Paper II) या केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET Paper II) में पात्रता।

**वांछनीय योग्यता :-**

शासकीय / शासकीय अनुदान प्राप्त संस्थान से विद्यालय में शैक्षणिक कार्य करने का न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव।

3. मानदेय भुगतान :- कार्यालय पदेन / सचिव, छ.ग. राज्य स्तरीय आ.जा.क. आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर के पत्र क्र/1564 दिनांक 20.05.2022 के आधार पर निर्धारित मानदेय।

| पद | मानदेय | रिमार्क |
|---|---|---|
| सहायक शिक्षक | 250/- प्रति काल खण्ड | अधिकतम 05 कालखण्ड |
| शिक्षक | 300/- प्रति काल खण्ड | अधिकतम 05 कालखण्ड |
| खेलकूद प्रशिक्षक | 250/- प्रति काल खण्ड | अधिकतम 04 कालखण्ड |

**4. प्रावीण्य सूची तैयार करने के लिये अभ्यर्थियों के लिये चयन का मापदण्ड :-अतिथि शिक्षक माध्यमिक स्तर**

| क्र | योग्यता | अंक भार |
|---|---|---|
| 1 | हायर सेकेण्डरी के अंको का | 20% |
| 2 | स्नातक के अंको का | 50% |
| 3 | स्नातकोत्तर के अंको का | 30% |
| **अतिरिक्त अंक** | | |
| 4 | कार्य अनुभव (03 वर्ष हेतु-03 अंक, 04 वर्ष हेतु-04 अंक एवं 05 वर्ष या इससे अधिक वर्ष के अनुभव हेतु अधिकतम 05 अंक) (03 वर्ष से अधिक अनुभव के पश्चात् छः माह से अधिक अनुभव को पूर्ण वर्ष माना जावेगा।) (छः माह से कम अनुभव के लिए कोई अंक नही दिया जावेगा।) | 03 वर्ष -03 अंक<br>04 वर्ष -04 अंक<br>05 वर्ष या 05 वर्ष से अधिक वर्ष -05 अंक |

**प्रावीण्य सूची तैयार करने के लिये अभ्यर्थियों के लिये चयन का मापदण्ड :-**
**सहायक शिक्षक प्राथमिक विद्यालय हेतु-**

| क्र | योग्यता | अंक भार |
|---|---|---|
| 1 | हाई/स्कूल के अंको का | 20% |
| 2 | हायर सेकेण्डरी के अंको का | 50% |
| 3 | स्नातक के अंको का | 30% |
| **अतिरिक्त अंक** | | |
| 4 | कार्य अनुभव (03 वर्ष हेतु-03 अंक, 04 वर्ष हेतु-04 अंक एवं 05 वर्ष या इससे अधिक वर्ष के अनुभव हेतु अधिकतम 05 अंक) (03 वर्ष से अधिक अनुभव के पश्चात् छः माह से अधिक अनुभव को पूर्ण वर्ष माना जावेगा।) (छः माह से कम अनुभव के लिए कोई अंक नही दिया जावेगा।) | 03 वर्ष -03 अंक<br>04 वर्ष -04 अंक<br>05 वर्ष या 05 वर्ष से अधिक वर्ष -05 अंक |

**5. आवेदन करने हेतु सामान्य निर्देश एवं शर्तें :-**

1. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगा, किसी भी प्रकार का नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया जायेगा।
2. अतिथि शिक्षक का नियुक्ति केवल 01 शैक्षणिक वर्ष के लिये वैध रहेगा। हालांकि अप्रत्याशित परिस्थितियों के मामले में या अतिथि शिक्षक के संतोषजनक प्रदर्शन के साथ, अतिथि शिक्षक के नियुक्ति की वैधता को अगले शैक्षणिक वर्ष के लिए समिति के अनुमोदन से बढ़ाया जा सकता है।
3. अभ्यार्थी को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है। (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र)।
4. प्रावीण्य सूची में समान अंक होने पर अधिक उम्र के आवेदक का चयन किया जायेगा।
5. नियुक्ति में किसी प्रकार का आरक्षण लागू नहीं होगा।

क्रमशः

6. अभ्यर्थियों हेतु 01 अप्रैल 2025 की स्थिति में न्यूनतम आयु 21 वर्ष से 35 वर्ष तक।
7. पदो की संख्या में परिवर्तन हो सकता है। जिला स्तरीय समिति को अधिकार होगा कि वह विज्ञापन को किसी भी समय निरस्त कर सकता है या रिक्त पदों में से पूरे या आंशिक रूप से भर्ती कर सकता है। समिति को यह भी अधिकार होगा कि वह विज्ञापन की प्रक्रिया व शर्तों को आवश्यकता होने पर बिना किसी सूचना के संशोधन या परिवर्तन कर सकता है।
8. आवेदन पत्र में अपूर्ण / अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण जानकारी मूल अभिलेखों में त्रुटि पाये जाने पर आवेदन बिना सूचना के निरस्त कर दिया जावेगा।
9. अभ्यर्थी द्वारा भेजे जाने वाले समस्त दस्तावेज की प्रतिलिपि मूल अभिलेख से मिलान कर स्व-प्रमाणित होना चाहिए।
10. निर्धारित आवेदन पत्र के प्रारूप में समस्त स्व-प्रमाणित अभिलेखों के साथ एक बंद बडे लिफाफा में सील बंद कर संबंधित जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जशपुर कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक से या स्पीड पोस्ट से ही भेजा जाये। भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर से विशेष पिछड़ी जनजातीय (पहाड़ी कोरवा) आवासीय विद्यालय के लिए अतिथि सहा. शिक्षक / अतिथि शिक्षक/अतिथि व्यायाम शिक्षक हेतु आवेदन पत्र वर्ष 2025-26 लिखा जाना अनिवार्य होगा।
11. शाला में अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था नियमित शिक्षक के पदभार ग्रहण करने तक प्रभावी होगी।
12. चयनित अभ्यार्थी को 15 दिवस के अन्दर संस्था में उपस्थित होना अनिवार्य होगा, अन्यथा प्रावीण्यता सूची के अगले क्रम के अभ्यार्थी को अध्यापन हेतु उपस्थित कराया जाएगा।
13. आकस्मिक अवकाश एवं शासकीय अवकाश के अलावा अन्य किसी अवकाश की पात्रता नहीं होगी।
14. अतिथि शिक्षकों का अध्यापन के अतिरिक्त पाठ्य सहगामी क्रियाओं में भी सहभागिता अनिवार्य होगी, साथ ही संस्था प्रमुख के निर्देशों का भी पालन करना होगा।
15. कार्यरत अतिथि शिक्षक विशेष पिछड़ी जनजातीय (पहाड़ी कोरवा) आवासीय विद्यालय में नियमित पदस्थापना के लिए दावा नहीं करेंगें। एवं किसी भी विवाद की स्थिति में अध्यक्ष / कलेक्टर जशपुर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

सहायक आयुक्त, आदिवासी
विकास जिला-जशपुर (छ.ग.)

**विशेष पिछड़ी जनजातीय आवासीय विद्यालय रूपेसरा (भड़िया) वि.ख. बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.) के लिए अतिथि शिक्षक व्यवस्था किये जाने हेतु आवेदन का प्रारूप**

अपना नवीनतम फोटोग्राफ्स स्व-प्रामाणित कर चिपकाएँ।

**प्रति,**

**सहायक आयुक्त,**
**आदिवासी विकास**
**जशपुर (छ.ग.)**

आवेदित पद का नाम (सहा. शि./ शिक्षक / व्यायाम अनुदेशक) :----------

1. आवेदित पद का विषय :----------
2. आवेदक का नाम :----------
3. पिता/पति का नाम :----------
4. वर्तमान पता :----------
   ----------
   ----------
   ----------
   ----------
5. स्थाई पता :----------
   (निवास प्रमाण पत्र संलग्न करे) ----------
   ----------
   ----------
   ----------
   :----------
6. जाति (जाति प्रमाण पत्र संलग्न करे) :----------
7. जन्म तिथि :----------
   -(प्रमाणन हेतु हाई स्कूल का अंकसूची संलग्न सूची करें)
8. आधार नम्बर :----------
9. मोबाईल नम्बर :----------
10. शैक्षणिक योग्यता :- हायर सेकेण्डरी / स्नातक/ स्नातकोत्तर / B.Ed/D.El.Ed/D.Ed/ CGTET/CTET की सत्यापित अंकसूची की प्रति संलग्न करें)

| क्र | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | विद्यालय / विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांक/ कुल अंक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हायर सेकेण्डरी स्कूल | | | | | |
| 2 | स्नातक | | | | | |
| 3 | स्नातकोत्तर | | | | | |
| 4 | B.Ed | | | | | |
| 5 | D.El.Ed/D.Ed | | | | | |
| 6 | शिक्षक पात्रता परीक्षा- CG TET/CTET | | | | | |

11. पूर्व में शैक्षणिक कार्य का अनुभव विवरण (यदि हो)

| क्र | संस्था का नाम | पदनाम/विषय | अध्यापन कार्य का अवधि | | कुल अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कब से | कब तक | वर्ष | माह |
| | | | | | | |

**घोषणा पत्र**

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास में पूर्णतः सही है। मेरे द्वारा दी गई जानकारी त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर मेरे विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी एवं मेरा आवेदन स्वमेव निरस्त माना जावेगा। जिसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी।

दिनाँक :----------
स्थान :----------

**आर.ओ.43/जी-252600971/4** **आवेदक का हस्ताक्षर**

# कार्यालय अधिष्ठाता

## भारत रत्न स्व० श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति, चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगॉव (छग)

**Office Phone: 07744-296105, Website: abvmgmcrajnandgaon.ac.in**
**Email: gmc.rjn@gmail.com**

क्रमांक/2834/चिकि./स्था./ 2025 राजनांदगाँव, दिनांक 20/05/2025

## // संविदा भर्ती सूचना//

भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.) के विभिन्न विभागों में चिकित्सा शिक्षक/चिकित्सकों के वर्तमान में रिक्त पदों पर छ०ग० सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 में उल्लेखित शर्तों के अधीन संविदा आधार पर भर्ती किये जाने हेतु प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ बुधवार को एवं अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.) में "वॉक-इन-इन्टरव्यू आयोजित किया जाना है।

उक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.) के वेबसाईट abvmgmc rajnandgaon.ac.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

अधिष्ठाता
भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति
चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगाँव (छत्तीसगढ़)

**आर.ओ.44/जी-252601048/6**

# कार्यालय आबकारी आयुक्त
## नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-10 वाणिज्यिक कर विभाग
## जी.एस.टी. भवन, प्रथम तल, अटल नगर, नया रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक / आब. /स्था. (अराज.)/2025/3178 रायपुर, दिनांक 19/05/2025

छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिकर कर (आबकारी) विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र कमांक एफ 6-41/2023/वा०क० (आब) / पाँच, नवा रायपुर दिनांक 17.09.2024 के संदर्भ में आबकारी विभाग के लिये स्वीकृत केमिस्ट के 01 रिक्त पद की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों से दिनांक 19.06.2025 को सांय 05:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र भरने के पूर्व आवेदक स्वयं सुनिश्चित कर लें कि वे नियुक्ति हेतु निर्धारित अर्हता तथा अन्य शर्तों के अनुसार पात्रता रखते हैं :-

| क्र. | पद का नाम | निर्धारित शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|
| 01 | केमिस्ट | एम.एस.सी. रसायन शास्त्र (एनालिटिकल एक विषय के रूप में) प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना चाहिए। |

**केमिस्ट के 01 रिक्त पद की भर्ती हेतु**

| क्र. | पदनाम | वेतनमान | पदों की संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.वर्ग | अनारक्षित | |
| 1 | केमिस्ट | 9300-34800 + ग्रेड पे 4300 (वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 अनुसार लेबल-9) | निरंक | निरंक | निरंक | 01 | 01 |
| | | | | | | कुल योग | 01 |

**नियम व शर्ते :-**

(1) ये नियुक्तियां छत्तीसगढ़ आबकारी अधीनस्थ तृतीय श्रेणी (लिपिकीय) सेवा भर्ती नियम के अंतर्गत की जायेंगी।

(2) अभ्यर्थियों की न्यूनतम एवं अधिकतम आयु सीमा की गणना केमिस्ट के रिक्त पद की भर्ती हेतु पूर्व में जारी किये गये विज्ञापन दिनांक अर्थात् 28.10.2024 को आधार मानते हुये की जायेगी। अर्थात् जो अभ्यर्थी 28.10.2024 को न्यूनतम आयु 21 वर्ष पूर्ण किया हो तथा अधिकतम आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए वो भी आवेदन भरने हेतु पात्र होगा। ऐसे अभ्यर्थी जो छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी है के लिए, उच्चतर आयु सीमा, शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार शिथिलनीय होगी।

(3) छत्तीसगढ़ शासन के स्थाई/अस्थाई/कार्यभारित या कन्टेन्जेन्सी पेड कर्मचारियों तथा छत्तीसगढ़ राज्य के निगमों/मण्डलों आदि के कर्मचारियों के संबंध में उच्चतम आयु सीमा 38 वर्ष रहेगी। यही अधिकतम आयु परियोजना क्रियान्वयन समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के लिए भी स्वीकार्य होगी।

(4) आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी होना अनिवार्य है।

(5) ऐसे कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जायेगी जो शासकीय/अर्द्धशासकीय संगठन में कार्य अनुभव रखते हों।

(6) छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी जिला रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

(7) आरक्षण नियमों, निर्देशों तथा आरक्षण रोस्टर के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश इस विज्ञप्ति पर भी लागू होंगे।

(8) ऐसे अभ्यर्थी जो शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत हैं, उन्हें अपना आवेदन पत्र नियोक्ता / विभाग प्रमुख के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण-पत्र सहित प्रस्तुत करना होगा।

(9) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1961 के नियम-6 के अनुसार अपात्र उम्मीदवारों को नियुक्ति नहीं दी जायेगी।

(10) चयन के किसी भी स्तर पर तथा चयन के पश्चात् भी आवेदक अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी एवं उम्मीदवार के विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही भी की जा सकेगी। चयन के किसी भी स्तर पर तथा चयन के पश्चात् भी आवेदक अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी एवं उम्मीदवार के विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही भी की जा सकेगी।

(11) अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण तथा अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा, जिसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।

(12) भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार नियुक्तिकर्ता अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

(13) विज्ञप्ति/आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय आबकारी आयुक्त, छ.ग. रायपुर, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, वाणिज्यिक कर विभाग, जी.एस.टी. भवन, प्रथम तल, अटल नगर, नवा रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। आवेदन पत्र का प्रारूप आबकारी विभाग की वेबसाइट WWW.excise.cg.nic.in से भी प्राप्त किया जा सकता है।

(14) निर्धारित प्रारूप में ही आवेदन पत्र प्रस्तुत करें।

(15) लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम "केमिस्ट पद की भर्ती" अनिवार्य रूप से लिखें।

(16) आवेदन पत्र पर नवीनतम पासपोर्ट साईज़ का एक रंगीन फोटो चस्पा करें एवं एक रंगीन फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

(17) सीधी भर्ती किये गये कर्मचारी का कार्य संतोषजनक न पाये जाने की स्थिति में एक माह का अग्रिम नोटिस देकर सेवायें समाप्त की जा सकेंगी।

(18) चयनित उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(19) चयनित उम्मीदवार को जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड का स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के बाद में ही सेवा में लिया जावेगा।

(20) समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यार्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जायेगी। जिस अभ्यर्थी की उम्र अधिक होगी उन्हें वरीयता प्रदान की जायेगी।

(21) प्रतीक्षा सूची केमिस्ट पद पर नियुक्ति आदेश जारी होने के दिनांक से 01 वर्ष के लिये वैध होगी।

(22) यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं एवं शर्तों को पूरा करते हैं, अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भेजें। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी।

(23) आवेदकों को (1.) अंकसूचियों / शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, (2.) जन्म तिथि हेतु मान्य प्रमाण पत्र (3.) छत्तीसगढ़ निवासी का प्रमाण पत्र (4.) रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र (5.) अनुभव प्रमाण पत्र (6.) नियोक्ता / विभाग प्रमुख का अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है।

(24) आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से अथवा स्पीड पोस्ट से ही कार्यालय आबकारी आयुक्त, छ.ग. रायपुर, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, वाणिज्यिक कर विभाग, जी.एस.टी. भवन, प्रथम तल, अटल नगर, नवा रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) में दिनांक 19.06.2025 को सायं 05:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे, इसके पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को अमान्य किया जाकर उन पर विचार नहीं किया जायेगा।

(25) आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पूर्ण नाम एवं पता लिखे हुये दो लिफाफे, प्रत्येक पर रू.10 की डाक टिकट चस्पा करते हुए आवश्यक रूप से संलग्न करें।

**संलग्न : आवेदन पत्र का प्रारूप।**
**(आबकारी आयुक्त द्वारा अनुमोदित)**

अपर आयुक्त
आबकारी छत्तीसगढ़

## // आवेदन का प्रारूप //
### आबकारी विभाग के अन्तर्गत केमिस्ट के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

प्रति,

आबकारी आयुक्त,
रायपुर, छत्तीसगढ़

स्वयं अथवा राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित किया गया नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो

**आवेदक के हस्ताक्षर**

1. आवेदित पद का नाम :----------
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :----------
   अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में :----------

**क्रमशः**

3. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) :----------
अंग्रेजी के केपिटल अक्षर में :----------
4. जन्मतिथि (अंको में) :----------
5. जन्मतिथि (शब्दों में) :----------
6. आयु विज्ञप्ति दिनांक की स्थिति में :- वर्ष.. ..माह.. ...दिन.....
7. जाति/वर्ग (✓) (निशान लगाये) :----------
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग/अनारक्षित
8. पत्र व्यवहार का पता :----------
---
---
---
---
---
9. स्थायी निवासी का पता : ----------
---
---
---
---
:----------
10 दूरभाष/मोबाईल नं. :----------
11. छ.ग. राज्य के निवासी होने का प्रमाण पत्र :----------
12. ई-मेल का पता :----------
13. शैक्षणिक योग्यता

| क्र. | परीक्षा का नाम | विद्यालय /बोर्ड/ संस्थान का नाम | वर्ष | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

14. जिला रोजगार कार्यालय का नाम, पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक तथा पंजीयन वैद्यता का दिनांक :----------
15. क्या आप विवाहित हैं, यदि हों तो विवाह की तिथि :----------
16. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवा अवधि का विवरणः वर्ष----माह---- दिन----
17. छत्तीसगढ़ शासन/निगम, मंडल के अधीन स्थायी/अस्थायी/कार्यभारित/कन्टेन्जेन्सी में कार्य करने का विवरण :----------
18. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :----------

**आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर**

**घोषणा पत्र**

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त आवेदन पत्र में वर्णित सभी जानकारी मेरे सर्वोत्तम विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य एवं सही है। कोई भी जानकारी असत्य पाये जाने की स्थिति में मेरा चयन निरस्त करने एवं मेरे विरूद्ध की जाने वाली वैधानिक कार्यवाही मुझे मान्य होगी।

स्थान :----------
दिनांक :----------

**आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर**
**नाम :----------**
**पता :----------**
---
---

**आर.ओ.45/जी-252601016.4**

# कार्यालय आयुक्त,
# आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

**इन्द्रावती भवन, ब्लाक-डी (भू-तल) अटल नगर, नवा रायपुर (छ०ग०)**
**Email Id-pmscstobs@gmail.com -2263708,2262558 Fax-2262558**

क्रमांक / ऑ.ला.पो.मै.छा./215/2025-26/1742 नवा रायपुर, दिनांक 19/05/2025

## :: सूचना प्रकाशन ::

### वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) हेतु ऑनलाईन पंजीयन की सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई आदि के प्राचार्य / संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन / प्रस्ताव / स्वीकृति वर्ष 2025-26 हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जा रही है :-

| आवेदन का प्रकार | विद्यार्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन प्राप्ति तिथि | स्वीकृति एवं डिसबर्स | | संभावित भुगतान तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | | शासकीय | अशासकीय | |
| नवीनीकरण | 31 मई 2025 तक | 07 जून 2025 तक | 10 जून 2025 तक | 10 जून 2025 |
| | 31 अगस्त 2025 तक | 07 सितम्बर 2025 तक | 10 सितम्बर 2025 तक | 10 सितम्बर 2025 |
| | 30 नवम्बर 2025 तक | 15 दिसम्बर 2025 तक | 20 दिसम्बर 2025 तक | 31 दिसम्बर 2025 |
| नवीन | 31 अगस्त 2025 तक | 07 सितम्बर 2025 तक | 10 सितम्बर 2025 तक | 10 सितम्बर 2025 |
| | 30 सितम्बर 2025 तक | 07 अक्टूबर 2025 तक | 10 अक्टूबर 2025 तक | 10 अक्टूबर 2025 |
| | 30 नवम्बर 2025 तक | 15 दिसम्बर 2025 तक | 20 दिसम्बर 2025 तक | 31 दिसम्बर 2025 |

विद्यार्थियों को उनके आधार सीडेड बैंक खाते में भुगतान 07 कार्य दिवस में प्राप्त होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा एवं Draft Proposal एवं Sanction Order Lock करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

**छात्रवृत्ति हेतु निम्नानुसार पात्रता निर्धारित है :-**

1. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के पालक की आय सीमा रू. 2.50 लाख प्रतिवर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय-सीमा रू. 1.00 लाख प्रतिवर्ष, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र, छ.ग. का मूल निवास प्रमाण पत्र, विद्यार्थी के अध्ययनरत् पाठ्यक्रम के विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम।

2. PFMS के माध्यम से आधार सीडेड बैंक खाते में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी अपने सक्रिय एवं आधार सीडेड बैंक खाते की प्रविष्टि आनलाइन आवेदन करते समय सुनिचित।

3. वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को NSP Portal से OTR (One Time Registration) प्राप्त करना आवश्यक है। इस हेतु राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल में प्रदाय निर्देशों का अवलोकन किया जा सकता है।

4. वर्ष 2025-26 में नवीन संस्था के संस्था प्रमुख (Hol) एवं संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी (INO) का biometric-authentication किया जाना अनिवार्य है।

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर, छ०ग०

**आर.ओ.46/जी-252601008/5**

# कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)

क्रमांक/मु.चि.स्वा.अ./स्था./2025-26/3698 जगदलपुर, दिनांक 19/05/2025

बस्तर जिले अन्तर्गत संचालित जिला, चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सूदृढीकरण हेतु चिकित्सा अधिकारी के रिक्त पदो की पूर्ति करने हेतु वॉक इन इंटरव्यु (Walk In Interview) आयोजित किया जा रहा है। पदों का विवरण निम्नानुसार है -

| पद क्र | पद का नाम | पदों की संख्या | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | शैक्षणिक योग्यता | एकमुश्त मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | ST | SC | OBC | | |
| 01 | Medical Officer | 06 | 01 | 04 | 00 | 01 | Essential Qualification-MBBS with Registration Under C.G. Medical Council | 77,350.00 |

**नियम एवं शर्तेः-**

**1. आवेदन पत्र के संबंध में**

1.1 विज्ञापित पदों के संबंध में विवरण बस्तर जिले के वेबसाईट www.bastar.gov.in पर उपलब्ध है. एवं कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जगदलपुर जिला बस्तर के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

12 इच्छुक उम्मीदवार वांछित समस्त दस्तावेजो की मूलप्रति एवं आवेदन के साथ दिनॉक 30.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 03:00 तक कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जगदलपुर, जिला बस्तर, शांती नगर, इंदिरा स्टेडियम के पीछे जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग) में उपस्थित होकर वॉक इन इंटरव्यू में भाग ले सकते है।

1.3 उम्मीदवार को आवेदन पत्र एवं समस्त दस्तावेज ई-मेल (cmhobastar@gmail.com) करने के पश्चात भी भर्ती प्रक्रिया के दिन उपस्थित होना अनिवार्य है. अन्यथा आवेदन स्वतः निरस्त मानी जावेगी।

1.4 संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की सूचीः-

1-10 वीं एवं 12 वीं की अंक सूची।

2 एम.बी.बी.एस. शैक्षणिक योग्यता के समस्त वर्ष की अंक सूची।

3 इन्टर्नशीप की अंकसूची।

4 अनुभव प्रमाण पत्र।

5. एम.बी.बी.एस. शैक्षणिक योग्यता की डिग्री। (स्थाई / अस्थाई)

6. पहचान पत्र (आधार कार्ड/पेन कार्ड/वोटर आई) की प्रति।

7. छ.ग. मेडिकल काउसिंल में जीवित पंजीयन (स्थाई / अस्थाई) वाले अभ्यार्थियों को प्राथमिकता प्रदान किया जावेगा एवं अन्य मेडिकल काउसिंल का पंजीयन (स्थाई / अस्थाई) लिया जावेगा, किन्तु अभ्यार्थी को पदभार ग्रहण करने के 45 दिनों के अंदर छ.ग. मेडिकल काउसिंल से पंजीयन (स्थाई / अस्थाई) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

2. अनुभव / अनापत्ति प्रमाण पत्र केवल शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्त पोषित संस्थाओ के ही मान्य होंगे।) पद से संबंधित अनुभव होने पर ही अभ्यर्थी को अनुभव के अंक प्रदान किये जायेंगे। प्रतिवर्ष 2 अंक के मान से अधिकतम 10 अंक ।

2.1 आवेदक को अनुभव प्रमाण पत्र के साथ सक्षम नियुक्तिकर्ता द्वारा जारी नियुक्ति आदेश पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा, कार्यालय का नियुक्ति आदेश पत्र नहीं होने की स्थिति में अनुभव के अंक प्रदान नही किया जायेगा।

3. **आयु सीमाः** 01 जनवरी 2025 को अधिकतम 70 वर्ष निर्धारित है। आयु की गणना 01 जनवरी 2025 के आधार पर की जावेगी। इस आयु सीमा में सभी प्रकार के छूट शामिल हैं।

**4. भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा-निर्देशः**

1.1 अभ्यार्थी की शैक्षणिक योग्यता (अंक सूची/सर्टिफिकेट) शासन से मान्यता प्राप्त संस्था से होना अनिवार्य है।

1.2 निर्धारित दस्तावेजो को परीक्षण जिला स्तर वयन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा। परीक्षण उपरांत दस्तावेज सही पाये जाने की स्थिति में पद रिक्ता एवं उपलबध्ता के आधार पर ही अभ्यार्थी की पदस्थापना की जावेगी।

5. चयनित उम्मीदवार को वेतन मानदेय एकमुश्त मासिक राशि देय होगी, इसके अतिरिक्त कोई अन्य राशि प्रदान नही की जावेगी।

6. उक्त पद पूर्णतः अस्थाई एवं 31 मार्च 2026 तक मान्य रहेगा तथा इसके उपरांत कार्य संतोषजनक होने पर ही कार्य अवधि आगे बढ़ाई जावेगी।

7. चयनित उम्मीदवार कार्यकाल के दौरान निजी संस्था में कार्य नही कर सकते है, यदि कोई उम्मीदवार चयन उपरांत निजी संस्था में कार्य करते पाये जाते है, तो उनकी सेवा तत्काल समाप्त कर दी जावेगी।

8. भर्ती प्रक्रिया के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार के विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार भर्ती हेतु गठित चयन समिति जिला बस्तर का होगा।

9. अपूर्ण अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रो के संबंध में उम्मीदवार को कोई सूचना नही दी जावेगी और आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा। प्रत्येक आवेदक विज्ञापन में दिये गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र मे सभी जानकारी देखकर एवं सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरे।

10. अपराधिक प्रविृत्ति एवं कदाचरण व अन्य अनैतिक कार्य में लिप्त पाये गये आवेदक द्वारा आवेदन करने पर उनका आवेदन स्वतः निरस्त माना जावेगा।

11. भर्ती हेतु छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के कंडिका 15 की अन्य शर्ते लागू होंगी, जिसमे बस्तर जिले के प्रचलित रोस्टर अनुसार नियुक्ति की जावेगी।

12. अभ्यर्थी आवेदन पत्र में अपना नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो राजपत्रित अधिकारी/स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकावे।

13. उपरोक्त पदो पर आवेदन के साथ वांछित योग्यता प्रमाण पत्र, मान्यता प्राप्त संस्था/विष्वविद्यालय से शैक्षणिक योग्यता, अनुभव संबंधित प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, एम.सी.आई. /छ.ग. मेडिकल काउंसलिंग से पंजीयन व अन्य दस्तावेजो की छायाप्रति अनिवार्यतः स्व सत्यापित कर संलग्न करे, संलग्न नहीं किये जाने की स्थिति में आवेदन निरस्त करने का अधिकार चयन समिति को होगा।

**14. चयन अधार/अंतिम सूची प्रकाशन का आधार**

(अ) शैक्षणिक योग्यता का (Qualification) 80%

(ब) अनुभव अंक (Experience) 10 अंक

(स) साक्षात्कार अक (Interview) 10 अंक

(द) अंतिम सूची प्रकाशन + शैक्षणिक योग्यता + अनुभव अंक + साक्षात्कार के अंक।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)

### आवेदन पत्र

पंजीयन कमांकः----------(कार्यालय द्वारा प्रदान किया जावेगा।)

आवेदित पद का नामः----------

वर्तमान का पासपॉट साईज फोटो स्वयं हस्ताक्षर कर चिपकायें

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक का नाम | :---------- |
| 2. | पिता/पति का नाम | :---------- |
| 3 | जाति (अजा/अजजा /अपिव/सामान्य) आवेदित वर्ग (जाति) का नाम | :---------- |
| 4. | छ.ग. मेडिकल काउन्सिल जीवित पंजीयन क्रमांक एव दिनाँक यदि है तो | :---------- |
| 5 | जन्म तिथि | :---------- |
| 6 | आयु (01.01.2025 की स्थिति में) | वर्ष----माह----दिन---- |
| 7 | स्थाई पता | :---------- |
| | | ---------- |
| | | ---------- |

**क्रमशः**

8. पत्र व्यवहार का पता ----------
---
---
---
---

9. फोन नं, व ई-मेल आई डी :----------
10 लिंग (महिला/पुरुष) :----------
11 छत्तीसगढ़ के मूल निवासी (हीं/नहीं) :----------
12. शैक्षणिक योग्यता का विवरण :----------

| क्र | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय संस्था का नाम | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | |

(प्रमाण पत्र एवं अंकसूची संलग्न करें)

13. कार्यानुभव :-

| क्र | पद का नाम | कार्यालय का नाम | कुल कार्य अवधि | कार्य विवरण | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

(कार्य अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करे।)

14 क्या अभ्यार्थी के विरूध दाण्डिक प्रकरण दर्ज है। :- हां/नहीं
15. यदि हॉ तो अधिनियम एवं धारा सहित :----------
प्रकरण क्रं. एवं निर्णय की जानकारी का उल्लेख करे। :----------

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**घोषणा-पत्र**

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे विज्ञापित पद की पात्रता संबंधी शर्तों को पढ़ लिया है। इस आवेदन पत्र में प्रस्तुत समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है कोई भी जानकारी असत्य होने के दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं किसी भी समय मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी।

**आवेदक का नाम व हस्ताक्षर**

दिनांकः-------
स्थान :-------
संलग्न प्रमाण पत्रो की सूची
1----------2 ----------
3. ----------4. ----------
5----------6. ----------
7. ----------8----------

**आर.ओ.47/जी-252601051/6**

# कार्यालय अधिष्ठाता, चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

**(पूर्व नाम चन्दूलाल चन्द्रकार स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दुर दुर्ग)**

**ई-मेल:cmmedicalcollege@gmail.com वेबसाईट www.ccmgmedurg.ac.in**

क्रमांक/2164/चं.चं.शा.चि.म./स्था.-1/2025 दुर्ग, दिनांक : 16/05/2025

## ।। विज्ञापन सूचना।।

चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) हेतु शासन द्वारा स्वीकृत सेटअप अनुसार रिक्त प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के चिकित्सा शिक्षकों (प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, एपिडोमायोलॉजी सहायक प्राध्यापक, सीनियर रेसीडेंट) के रिक्त पदों को शासन द्वारा समय-समय पर जारी संविदा भर्ती नियम-2012 (चिकित्सा शिक्षा विभाग हेतु लागू हो), के आधार पर संविदा भर्ती किये जाने हेतु वॉक-इन-इन्टरव्यू माह में सोमवार से शुक्रवार (शासकीय अवकाश को छोड़कर) समय प्रातः 10:00 से दोपहर 01:00 बजे तक आयोजित की जा रही है।

संविदा के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली के मापदण्ड अनुरूप अर्हता रखते हो, ऐसे पात्र उम्मीदवार अपने समस्त मूल दस्तावेजों (दो सेट छायाप्रति) मय पासपोर्ट साइज फोटो सहित उपस्थित हो सकते हैं।

विभागों के रिक्त पदों की उपल्बधता के अनुसार प्राप्त आवेदनों की जाँच कर वॉक-इन- इन्टरव्यू लिये जायेंगे। उक्त पदों में आरक्षण नियम का पालन शासन के निर्देशानुसार करते हुए संविदा नियुक्ति की कार्यवाही की जावेगी।

**देय संविदा एकमुश्त वेतन का विवरण :-**

| क्र. | पदनाम | एकमुश्त संविदा वेतन |
|---|---|---|
| 1 | प्राध्यापक | राशि 1,90,000/- रू. |
| 2 | सह प्राध्यापक | राशि 1,55,000/-रू. |
| 3 | सहायक प्राध्यापक एवं एपिडोमायोलॉजी-सहायक प्राध्यापक | राशि 1,00,000/-रू. |
| 4 | सीनियर रेसीडेंट | राशि 75,000/-रू. |

**टीप :-**

1. छ.ग. शासन द्वारा जारी अद्यतन आरक्षण रोस्टर का पालन किया जावेगा।
2. विज्ञापित पदों की संख्या में कमी/वृद्धि की जा सकेगी।
3. संविदा भर्ती माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में दायर एस.एल.पी. (सी) 19668/2022 में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्याधीन रहेगा।
4. अभ्यर्थी का साक्षात्कार मे समय नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र/कार्यमुक्ति आदेश/त्याग-पत्र की जानकारी जो राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग का पत्राचार किया गया हैं, छायाप्रति संलग्न करें।
5. वॉक-इन-इन्टरव्यू के आवेदन फॉर्म जमा करने का समय कार्यालयीन अवधि में 12:00 बजे तक निर्धारित किया गया हैं। समयावधि समाप्त होने पश्चात् आवेदन फॉर्म जमा नही लिया जावेगा।
6. संविदा नियुक्ति से संबंधित किसी भी विवाद की स्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अंतिम मान्य होगा।
7. विज्ञाप्ति पदों की जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइटः www.ccmgmcedurg.ac.in पर देखी जा सकती है।

अधिष्ठाता, चंदूलाल चंद्राकर स्मृति
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दुर्ग

**आर.ओ.48/जी-252601026.6**

# लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़

## इन्द्रावती भवन खण्ड तीन प्रथम तल, नवा रायपुर अटल नगर

फोन नम्बर- 0771-2331385, ई-मेल- cg.dpi.dir@gmail.com

## "शिक्षा सत्र 2025-26 में शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेण्ड्रा जिला-गौरेला-पेण्ड्रा, मरवाही में डी.पी.एड./बी.पी.एड. पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण हेतु प्रवेश"

शिक्षा सत्र 2025-26 में शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेण्ड्रा जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में डी.पी.एड./बी.पी.एड. पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण हेतु प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ के मूल निवासी पुरूष तथा महिला उम्मीदवारों से आवेदन पत्र दिनांक 10 जून 2025 तक आमंत्रित किये जाते हैं:-

**1-उपलब्ध सीटें:-**

| क्रमांक | पाठयक्रम | उपलब्ध सीटे | |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.पी.एड. (द्विवर्षीय पाठ्यकम) बिलासपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध | पुरुष- 35 | महिला- 15 |
| 2 | डी.पी.एड. (द्विवर्षीय पाठ्यकम) छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल से सम्बद्ध | पुरुष- 35 | महिला- 15 |

**टीप:-**

(1) विभागीय उम्मीदवार भी इन्ही निर्धारित सीटों से लिया जाना है।

(2) छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र कमांक एफ 13-1/2023/आ.प्र./1-3 नवा रायपुर दिनांक 03.05.2023 द्वारा नियुक्तियां एवं चयन प्रक्रिया पूर्व निर्धारित व्यवस्था अनुसार किये जाने के अंतरिम अनुमति प्रदान की है। साथ ही बिन्दु कमांक 3 मे दिये गये निर्देश अनुसार सभी नियुक्तियों एवं चयन प्रक्रियाओं में यह विशेष रूप से उल्लेखित किया जाये कि, "माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) कमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होंगी"।

**2- आरक्षण प्रतिशतः**

| | |
|---|---|
| अनुसूचित जाति | 12 प्रतिशत |
| अनुसूचित जन जाति | 32 प्रतिशत |
| अन्य पिछड़ा वर्ग- | 14 प्रतिशत |

**3- प्रशिक्षण की अवधि**

शिक्षा सत्र में प्रशिक्षण दिनांक 01 जुलाई 2025 से 30 अप्रैल 2027 तक होगा। (दो शैक्षणिक वर्ष)

**4- आयु सीमा**

**अ- बी.पी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु** छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक एफ 17-95/2017/38-2 दिनांक 15.08.2021 द्वारा सभी कक्षाओं एवं पाठ्यक्रमों में आयु सीमा के बंधन को समाप्त किया गया है।

**ब- डी.पी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु** दिनांक 01.07.2025 को आवेदक/आवेदिका की आयु 18 वर्ष से कम या 27 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

स- शासन के नियमानुसार अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति अथवा पिछड़ा वर्ग को आयु में छूट मिलेगी।

द- विभागीय उम्मीदवारों के लिये आयु सीमा अधिकतम आयु 45 वर्ष होनी चाहिए साथ ही सक्षमता पूर्वक प्रशिक्षण करने में समर्थ हो।

**5- शैक्षणिक योग्यता डी.पी.एड.:-**

1-डी.पी.एड. हेतु हायर सेकेण्डरी परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

2-05 प्रतिशत अंकों की छूट उन उम्मीदवारों को दी जावेगी, जिन्होने अंर्तराष्ट्रीय /राष्ट्रीय / एसजीएफआई खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो।

3-अर्हक परीक्षा में अंकों की प्रतिशत और अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्गों व अन्य श्रेणी के लिये सीटों के आरक्षण और अंकों में छूट केन्द्रीय शासन / राज्य शासन के नियमानुसार जो भी लागू हो प्रदान किया जावेगा।

**6- शैक्षणिक योग्यता बी.पी.एड. :-**

50 प्रतिशत अंकों के साथ किसी विषय में स्नातक डिग्री और कम से कम से ए.आई.यू/ आई. ओ.ए./एस.जी.एफ.आई/भारत शासन द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेल कूद का अंतर विश्व विद्यालय / राज्य / राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी हो।

**अथवा**

45 प्रतिशत अंकों के साथ शारीरिक शिक्षा में स्नातक डिग्री।

**अथवा**

45 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातक डिग्री तथा एक अनिवार्य विषय वैकल्पिक विषय मे शारीरिक शिक्षा को अध्ययन किया हो।

**अथवा**

45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक डिग्री और ए.आई.यू./आई.ओ.ए./एस.जी.एफ.आई/ भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेलकूद में अंतर विश्वविद्यालय / राज्य / राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम / द्वितीय अथवा तृतीय स्थान प्राप्त किया हों।

**अथवा**

अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं भागीदारी के साथ स्नातक डिग्री में 45 प्रतिशत अथवा संबंधित संधो/ए.आई.यू./आई.ओ.ए./एस.जी.एफ.आई/भारत सरकार द्वारा यथा मान्यता प्राप्त खेलकूद में राष्ट्रीय/अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय अथवा तृतीय स्थान प्राप्त किया हो।

**अथवा**

45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक डिग्री और कम से कम 03 वर्षों का शिक्षण अनुभव (प्रतिनियुक्ति/सेवाकालीन उम्मीदवारों के लिए) अर्थात प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा शिक्षक/ कोच ।

**टीप-** भारत शासन / राज्य शासन द्वारा आरक्षित वर्ग के लिए उक्त शैक्षणिक योग्यता में 5 प्रतिशत की छूट रहेगी ।

**6- शुल्क**

प्रशिक्षण अवधि में शासन द्वारा निर्धारित दर पर सम्बंधित को शिक्षण तथा अन्य शुल्क देय होगा।

**7- आवेदन की प्रक्रिया**

संलग्न आवेदन पत्र के निर्धारित प्रारूप के अनुरूप पूर्णरूप से भरे गये आवेदन पत्र दिनांक 10 जून 2025 तक कार्यालय प्राचार्य शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेन्ड्रा जिला गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही में प्राप्त हो जाना चाहिए। अंतिम तिथि तक आवेदन पत्र उल्लेखित पते पर पहुंचाने का उत्तरदायित्य आवेदक का होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें:-

1- हायर सेकेण्डरी / स्नातक उत्तीर्ण प्रमाण पत्र।

2- छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण पत्र।

3- खेलकूद से सम्बंधित प्रमाण पत्र।

4- एन.सी.सी/योगा/एन.एस.एस./ स्काउट एवं गाइड / शारीरिक दक्षता अभियान / जूनियर रेडकास आदि के प्रमाण पत्र।

5- अनु.जा./अनु.ज.जा./अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र।

**8- चयन समिति**

**चयन समिति निम्नानुसार रहेगी:-**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | संचालक लोक शिक्षण अथवा उनके प्रतिनिधि | - अध्यक्ष |
| 2. | जिला शिक्षा अधिकारी जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही | - सदस्य |
| 3. | प्राचार्य शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय, पेन्ड्रा जिला गौरेला पेण्ड्रा-मरवाही | - सदस्य सचिव |

**9- चयन प्रक्रिया**

चयन समिति के अध्यक्ष की अनुमति से चयन कार्य सम्पादन हेतु विशेषज्ञों को साक्षात्कार एवं व्यावहारिक परीक्षण हेतु आवश्यकतानुसार सहयोग ले सकेंगे। चयन समिति द्वारा विभागीय उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार एवं प्रायोगिक क्रियाकलाप में अर्जित अंकों की वरीयता के अनुसार किया जावेगा।

**क्रमशः**

**अ- चयन स्थल एवं चयन की तिथि (संभावित)-**

| चयन स्थल | चयन तिथि | अभ्यर्थी |
|---|---|---|
| शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय, पेन्ड्रा जिला गौरेला पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) | 26 जून 2025 | विभागीय पुरूष वर्ग /विभागीय महिला वर्ग |
| | 27 जून 2025 | स्वाध्यायी पुरूष वर्ग |
| | 28 जून 2025 | स्वाध्यायी महिला वर्ग |

**ब- चयन हेतु मापदण्ड**

शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय, पेन्ड्रा जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में प्रवेश हेतु निम्नानुसार कियाकलाप में अंक निर्धारित है-

| क्रमांक | इवेन्टस | अंक |
|---|---|---|
| 1 | 100 मीटर दौड़ | 100 |
| 2 | 800 मीटर दौड़ | 100 |
| 3 | लम्बी कूद | 100 |
| 4 | ऊँची कूद | 100 |
| 5 | गोला फेंक | 100 |
| 6 | मौखिक साक्षात्कार | 40 |
| 7 | शैक्षणिक एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों के अभिलेख | 60 |
| 8 | दीर्घ खेल कौशल परीक्षण-फुटबाल, बास्केटबॉल, किकेट, हॉकी, जूडो, कुश्ती | 100 |
| 9 | लघु खेल कौशल परीक्षण कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल, हैण्डबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन | 100 |
| | **योगः-** | 800 |

टीप-

1- दीर्घ खेल कौशल तथा लघु खेल कौशल में अंकित खेलों में से अभ्यार्थियों को एक-एक खेल का चयन कर खेल कौशल का परीक्षण देना अनिवार्य है।

2- अभ्यार्थी के आवेदन पत्र में सरल कमांक 12 एवं 13 में रूचि अनुसार दीर्घ / लघु खेल को अनिवार्य रूप से अंकित किया जावे ।

3- चयन प्रक्रिया में सबसे पहले प्रमाण पत्रों तथा अभिलेखों की जाँच के उपरान्त शारीरिक क्षमता परीक्षण होगा और अंत में प्रत्याशियों को समिति के समक्ष साक्षात्कार देना होगा। यदि प्रत्याशी शारीरिक क्षमता परीक्षण तथा खेल कौशल परीक्षण में असफल रहते हैं तो उन्हें मौखिक साक्षात्कार का अवसर नहीं दिया जायेगा ।

4- चयन समिति द्वारा महिला व पुरुषों की अलग-अलग चयन सूची तैयार कर अनुशंसा सहित संचालक लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ को अनुमोदन हेतु भेजा जायेगा। अनुमोदित चयन सूची प्राचार्य शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय पेन्ड्रा जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही को भेजी जायेगी। प्राचार्य उक्त सूची के आधार पर अभ्यार्थियों को प्रवेश देने की कार्यवाही करेंगे। विवाद की स्थिति में संचालक लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ का निर्णय अंतिम होगा।

5- अशासकीय संस्थाओं के सहायक शिक्षक/सहायक शिक्षिका खुली प्रतियोगिता के अन्तर्गत आवेदन कर सकते हैं।

6- आवेदन पत्र स्पष्ट एवं पठनीय हो।

**संचालक**
**लोक शिक्षण**
**छत्तीसगढ़**

**आवेदन पत्र का प्रारूप**

**प्रति,**

**प्राचार्य,**
**शासकीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय,**
**पेन्ड्रा जिला- गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)**

आवेदक यहाँ पासपोर्ट साइज फोटो चिपकायें

1 पाठ्यक्रम का नाम :----------
2 आवेदक का पूरा नाम :----------
3 पिता का नाम :----------
4 लिंग (पुरूष/महिला) :----------
5 जाति :----------
(अनु जा./अनु.ज.जा./अन्य पिछड़ा वर्ग/सामान्य)
6 स्थायी पता :----------
:----------
7 पत्र व्यवहार का पता :----------
8 जन्म तिथि (अंको में) :----------
(शब्दों में) :----------
9 शैक्षणिक योग्यता

| क्र | परीक्षा का स्तर | बोर्ड/विश्वविद्यालय | अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | श्रेणी | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हायर सेकेण्डरी | | | | |
| 2 | स्नातक उपाधि | | | | |
| 3 | अन्य | | | | |

10 खेलकूद/योगा/एन.सी.सी./एन.एस.एस/स्काउट/गाइड आदि में यदि प्राप्त प्रमाण पत्र हो तो संलग्न करें ।

11 अन्य कोई विशेष योग्यता हो तो संलग्न करें ।

12 दीर्घ खेल कौशल का नाम 1--------2----------3---------

13 लघु खेल कौशल का नाम 1--------2----------3---------

स्थान----------

दिनांक----------

हस्ताक्षर

आवेदक का नाम ----------

पूरा पता----------

मो.नंम्बर----------

# कार्यालय संभागीय सेनानी, नगर सेना, रायपुर संभाग, रायपुर (छ०ग०)

**दूरभाष क्रमांक 0771-2426825, ईमेलः- divicommandant@gmail.com**

## "सूचना"

## छत्तीसगढ़ होमगार्ड के रायपुर संभाग में 315 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 200 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी हेतु) के रिक्त पदों पर लिखित परीक्षा आयोजन की सूचना

होमगार्ड विभाग के रायपुर संभाग में 315 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 200 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वर्ष-2024 में शारीरिक नापजोख एवं दक्षता परीक्षा संभागीय केन्द्र रायपुर में आयोजित की गई थी। जिसमें पात्र अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के लिये चयनित किया गया है। चयनित सभी अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट https://firenoc.cg.gov.in पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिये छ०ग० व्यापम वेबसाईट https://vyapamcg.cgstate.gov.in के लिंक में जाकर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। विभाग द्वारा आबंटित एप्लीकेशन आईडी एवं जन्मतिथि डालकर अभ्यर्थी छ०ग० व्यापम की वेबसाईट पर लिखित परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे। व्यापम द्वारा पंजीयन नंबर पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा। जिन पात्र अभ्यर्थी द्वारा छ०ग० व्यापम के वेबसाईट में जाकर पंजीयन एवं आवेदन सबमिट नही किया जायेगा वे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा से वंचित होंगे। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी तथा इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नही होंगे। अभ्यर्थी द्वारा होमगार्ड विभाग के वेबसाईट पर पूर्व में जमा किये गये ऑनलाईन आवेदन पत्र में किसी भी तरह का सुधार या संशोधन किये जाने की अनुमति नही होगी। व्यापम की वेबसाईट पर आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करना अनिवार्य है लिखित परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | व्यापम वेबसाईट पर पंजीयन उपरांत ऑनलाईन आवेदन सबमिट करने की प्रारंभिक तिथि | - | 16.04.2025 (बुधवार) |
| 2. | व्यापम वेबसाईट पर पंजीयन उपरांत ऑनलाईन आवेदन सबमिट करने की प्रारंभिक तिथि | - | 30.05.2025 (शुक्रवार) सायं 5:00 बजे तक |
| 3. | परीक्षा की संभावित तिथि | - | 22.06.2025 (रविवार) |
| 4. | परीक्षा का समय | - | पूर्वान्ह (02 घण्टे) |
| 5. | परीक्षा पत्र जारी करने की तिथि | - | 13.06.2025 (शुक्रवार) |
| 6. | परीक्षा केन्द्र | - | रायपुर |

संभागीय सेनानी
नगर सेना एवं एस.डी.आर.एफ.
रायपुर संभाग, रायपुर

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़

## पताः- जिला पंचायत कार्यालय के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

**क्रमांक/2750/सेजेस सेल/सं.भ.वि./2025-26** **रायगढ़ दिनांक 22 मई 2025**

### // संविदा भर्ती विज्ञापन //

रायगढ़ जिला के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय योजना अंतर्गत संचालित विद्यालयों में रिक्त 58 पदों पर मेरिट के आधार पर संविदा नियुक्ति किया जाना है, जिसके लिये दिनांक 22.05.2025 से 01.06.2025 तक गूगल फॉम के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। विज्ञापित पदों का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | आरक्षित वर्ग | रिक्त पीएम श्री सेजेस/सेजेस विद्यालयों के नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता हिन्दी | 3 | अनारक्षित | पीएम श्री सेजेस घरघोड़ा, सेजेस कोतरा एवं सेजेस चपले |
| 2 | व्याख्याता संस्कृत | 3 | अनारक्षित | पीएम श्री सेजेस कोड़ातराई, सेजेस चपले, सेजेस कोतरा |
| 3 | व्याख्याता अंग्रेजी | 3 | अनारक्षित | पीएम श्री सेजेस कोड़ातराई, सेजेस चपले, सेजेस कोतरा |
| 4 | व्याख्याता गणित | 4 | अनारक्षित | पीएम श्री सेसेज धरमजयगढ़, पीएम श्री सेजेस कोड़ातराई, |
| 5 | व्याख्याता जीवविज्ञान | 2 | अनारक्षित | सेजेस चपले एवं सेजेस कोतरा |
| 6 | व्याख्याता भौतिकी | 2 | अनारक्षित | पीएम श्री सेसेज धरमजयगढ़, सेजेस कोतरा, |
| 7 | व्याख्याता रसायन | 1 | अनारक्षित | पीएम श्री सेसेज धरमजयगढ़, |
| 8 | व्याख्याता वाणिज्य | 1 | अनारक्षित | पीएम श्री सेजेस तमनार, |
| 9 | व्याख्याता वाणिज्य | 1 | अ.ज.जा. | सेजेस चपले |
| 10 | प्रधान पाठक माध्यमिक खण्ड | 1 | अनारक्षित | पीएम श्री सेजेस घरघोड़ा |
| 11 | प्रधान पाठक प्राथामिक खण्ड | 2 | अनारक्षित | सेजेस पुसौर एवं पीएम श्री सेजेस घरघोड़ा, |
| 12 | शिक्षक गणित | 5 | अनारक्षित | पीएम श्री सेजेस नटवर, पीएम श्री सेजेस लैलूंगा, पीएम श्री सेजेस धरमजयगढ़, पीएम श्री सेजेस कोड़ातराई एवं सेजेस चपले |
| 13 | शिक्षक अंग्रेजी | 1 | अनारक्षित | सेजेस चपले |
| 14 | शिक्षक विज्ञान | 2 | अनारक्षित | पीएम श्री सेजेस लैलूंगा, पीएम श्री सेजेस कोड़ातराई |
| 15 | शिक्षक कला | 1 | अनारक्षित | पीएम श्री सेजेस कोड़ातराई |
| 16 | व्यायाम शिक्षक | 2 | अनारक्षित | सेजेस तमनार, पीएम श्री सेजेस घरघोड़ा, |
| 17 | कम्प्यूटर शिक्षक | 1 | अनारक्षित | पीएम श्री सेजेस धरमजयगढ |
| 18 | सहायक शिक्षक | 4 | अनारक्षित | सेजेस पुसौर, सेजेस तमनार, 02-02 पद रिक्त |
| 19 | सहायक शिक्षक | 4 | अ.ज.जा. | पीएम श्री सेजेस नटवर, सेजेस पुसौर, पीएम श्री सेजेस तमनार, सेजेस चपले |
| 20 | सहायक शिक्षक | 1 | अ.पि.व. | पीएम श्री सेजेस कोड़ातराई |
| 21 | सहायक शिक्षक | 4 | अ.जा. | सेजेस पुसौर पीएम श्री सेजेस धरमजयगढ़, सेजेस चपले, पीएम श्री सेजेस कोड़ातराई |
| 22 | प्रयोगशाला सहायक | 1 | अनारक्षित | पीएम श्री सेजेस तमनार |
| 23 | ग्रंथपाल | 2 | अनारक्षित | पीएम श्री सेजेस तमनार एवं पीएम श्री सेजेस धरमजयगढ, |
| 24 | प्री-प्राइमरी टीचर | 6 | अ.ज.जा. | पीएम श्री सेजेस नटवर, सेजेस पुसौर, पीएम श्री सेजेस लैलूंगा, पीएम श्री सेजेस घरघोड़ा, सेजेस कोतरा, पीएम श्री सेजेस कोड़ातराई |
| 25 | प्री-प्राइमरी टीचर | 1 | अनारक्षित | पीएम श्री सेजेस घरघोड़ा |

उपरोक्त संविदा मानदेश राशि व्याख्याता / प्रधान पाठक माध्यमिक शाला पद हेतु 38100=00, शिक्षक / प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पद हेतु 35400-00 एवं सहायक शिक्षक / प्रयोगशाला सहायक / ग्रंथपाल पद हेतु 25300-00 तथा प्री-प्राईमरी टीचर पद हेतु 15000-00 रूपये (मासिक एकमुश्त) देय होगा।

**अभ्यर्थी नीचे दिये गये निर्देशों का अवलोकन कर ही आवेदन करें।**

**विज्ञापित पदों हेतु आवेदन के लिये लिंक निम्नानुसार हैं :-**

1. व्याख्याता पद हेतुः- https://tinyurl.com/ze7nscsv
2. प्रधान पाठक माध्यमिक खण्ड पद हेतुः- https://tinyurl.com/azm4ap9m
3. प्रधान पाठक प्राथमिक खण्ड पद हेतुः https://tinyurl.com/y3eyxr6j
4. शिक्षक / व्यायाम शिक्षक / कम्प्यूटर शिक्षक पद हेतुः- https://tinyurl.com/2hrkfxk8
5. ग्रंथपाल पद हेतुः- https://tinyurl.com/bp7xzx5k
6. सहायक शिक्षक पद हेतुः- https://tinyurl.com/3mjtxayb
7. प्रयोगशाला सहायक पद हेतुः- https://tinyurl.com/mtcf628p
8. प्री-प्राईमरी टीचर पद हेतुः- https://tinyurl.com/3fjvcduk

**चयन प्रक्रिया के संबंध में दिशा निर्देश एवं शर्ते निम्नानुसार हैं:-**

1. विज्ञापित पदों के आधार पर योग्यता रखने वाले अभ्यथियों के द्वारा आनलाईन गूगल फॉम में अपने मूल अंकसूची अनुसार कक्षा 12 वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर का प्रतिशत अंकित करना होगा।
2. प्रत्येक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की समिति पृथक-पृथक है तथा प्रत्येक के लिए पृथक-पृथक आरक्षण लागू होगा। एक अभ्यर्थी एक ही पद हेतु आवेदन कर सकते हैं।
3. मेरीट सूची निम्नानुसार प्रतिशत के आधार पर जारी होगाः अ व्याख्याता / प्रधान पाठक माध्यमिक शाला पद हेतु कक्षा 12 वीं का 40 प्रतिशत + स्नातक का 20 प्रतिशत + स्नाकोत्तर का 20 प्रतिशत + अध्यापन कार्य में अनुभव 1 वर्ष के विरूद्ध 4 प्रतिशत एवं 5 वर्ष या उससे अधिक की स्थिति में 20 प्रतिशत। ब- शिक्षक/ व्यायाम शिक्षक / कम्प्यूटर शिक्षक / प्रधान पाठक प्राथमिक शाला हेतु कक्षा 12 वीं का 60 प्रतिशत + स्नातक का 20 प्रतिशत अध्यापन कार्य में अनुभव 1 वर्ष के विरूद्ध 4 प्रतिशत एवं 5 वर्ष या उससे अधिक की स्थिति में 20 प्रतिशत। स-सहायक शिक्षक / ग्रंथपाल / प्रयोगशाला सहायक / ग्रंथपाल/प्री-प्राईमरी टीचर हेतु कक्षा 12 वीं का 80 प्रतिशत + अध्यापन कार्य में अनुभव 1 वर्ष के विरूद्ध 4 प्रतिशत एवं 5 वर्ष या उससे अधिक की स्थिति में 20 प्रतिशत।
4. संविदा नियुक्ति छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 में निहित प्रावधानों के अधीन रहेगी।
5. विज्ञापन तिथि के पूर्व अर्जित की गई शैक्षणिक एवं अन्य व्यवसायिक योग्यता ही मान्य होगी।
6. अभ्यर्थी को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
7. दस्तावेज सत्यापन के दौरान सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं छायाप्रति साथ लेकर आना अनिवार्य है।
8. आवेदक की उम्र 01 जनवरी 2025 को न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिये। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2025 कि स्थिति में की जाएगी। उम्र में शासन के निर्धारित नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट का प्रावधान होगा।
9. विज्ञापित पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई अथवा विज्ञापन निरस्त भी किया जा सकता है।
10. चयन के संबंध में चयन समिति के अध्यक्ष का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
11. भविष्य में शासन द्वारा उक्त पदों पर सीधी भर्ती किए जाने पर संविदा नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
12. अन्य पिछड़ावर्ग के आरक्षित पदों पर केवल NON CREAMY LAYER अभ्यर्थी ही मान्य होंगे। जिसके लिये सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होना अनिवार्य होगाः-**

1. अभ्यथियों की सम्पूर्ण स्कूली शिक्षा (माध्यमिक स्तर से अंत तक) केवल अंग्रेजी माध्यम से (व्याख्याता हिन्दी एवं संस्कृत पद को छोड़कर) ही हुई हो। अभ्यर्थियों को मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र को ही मान्य किया जावेगा।
2. **व्याख्याता-सामाजिक विज्ञान** के अंतर्गत स्नातकोत्तर (भूगोल / इतिहास / अर्थशास्त्र / राजनीति) तथा बी.एड. की उपाधि रखने वाले अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं। **व्याख्याता अंग्रेजी** पद हेतु स्नाकोत्तर में अंग्रेजी मुख्य भाषा के रुप में होना अनिवार्य होगा।
3. **व्याख्याता हिन्दी एवं संस्कृत पद हेतु** अभ्यर्थी को स्नाकोत्तर उसी विषय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण होना तथा बी.एड. प्रशिक्षित होना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी को हिन्दी अथवा अंग्रेजी माध्यम में अध्यापन कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. शिक्षक पद हेतु निर्धारित योग्यता के साथ बी.एड. एवं टी.ई.टी./सी. टी.ई.टी. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
5. शिक्षक- कला हेतु स्नातक में अंकित विषयों (भूगोल / इतिहास / अर्थशास्त्र / राजनीति) में से दो विषय अनिवार्य रूप से होनी चाहिये एवं बी.एड. प्रशिक्षित होना अनिवार्य है।
6. **व्यायाम शिक्षक हेतु** निर्धारित योग्यता के साथ बी.पी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**क्रमशः**

# कार्यालय अधिष्ठाता
# पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/चिकि./बायोटेक./ 9104/2025

रायपुर, दिनांक 05/05/2025

**आवेदन फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि- 30.06.2025**

## प्रवेश सूचना
## एम.एस-सी. मेडिकल बायोटेक्नालॉजी कोर्स सत्र 2025-26

**आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि- 30.06.2025**

चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर द्वारा बायोकेमेस्ट्री विभाग में संचालित एम.एस-सी. मेडिकल बायोटेक्नालॉजी कोर्स में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु 10 विद्यार्थियों का चयन किया जाना है। उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एम.बी.बी.एस.. बी.एस-सी. बायोटेक्नालॉजी/बी.एस-सी. लाइफ साइंस /एलाएड विषय रखी गई है। पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी, जिसके प्राप्तांक की मेरिट सूची के आधार पर काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया जायेगा। अधिकतम 10 सीटों में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ शासन के आरक्षण नियमानुसार 5 सीट अनारक्षित (04 मुक्त, 01 महिला), 1 सीट अनुसूचित जाति, 3 सीट अनुसूचित जनजाति एवं 1 सीट अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए निर्धारित है, जो कि छ.ग. शासन समान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 13-1/2023/आ.प्र./1-3 नवा रायपुर, दिनांक 03.05.2023 के अनुसार सभी नियुक्तियाँ और चयन परीक्षा माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के S.L.P.(C) Si. No.19668/2022 के अंतिम आदेश के अधीन रहेगी।

**प्रवेश प्रक्रिया :-**

1. प्रवेश आवेदन फार्म 15 मई, 2025 से 30 जून, 2025 के सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विभागाध्यक्ष, बायोकेमेस्ट्री विभाग, चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर प्राप्त किया जा सकता है।
